नई दिल्ली
सोमवार, 28 अप्रैल 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 13
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

आतंक के आकाओं का 'अंत' तय

सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री के सामने रखा 'प्लान'

बैठक 'रणनीति' पर केंद्रित रही

बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही सुरक्षाबलों का ऑपरेशन तेज है। एक के बाद एक आतंक के आकाओं के घर को उड़ाया जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे फायरिंग का भी भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इसी बीच रविवार को शाम 4 बजे भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।

बीएसएफ के डीजी भी पहुंचे गृह मंत्रालय

यह बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही। दूसरी ओर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय पहुंचे, जहां आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सीमा सुरक्षा पर चर्चा हुई।

डेडलाइन खत्म : पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल रात 12 बजे तक भारत छोड़ देने का आदेश था

देश छोड़ने की समयावधि खत्म: अलग-अलग राज्यों में रह रहे पाकिस्तानियों को भारत से किया गया बाहर

पासपोर्ट विभाग ने लगातार पाकिस्तानी नागरिकों से संपर्क किया और उन्हें वाघा बॉर्डर के जरिए वापस भेजने की प्रक्रिया समझाई

कुछ नागरिकों को विमान से भारत छोड़ा, चूंकि भारत का पाकिस्तान के साथ सीधा हवाई संपर्क नहीं है, इसलिए वे अन्य देशों के लिए रवाना हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ देने को कहा गया था। 27 अप्रैल की रात 12 बजे यह डेडलाइन पूरी हो गई। भारत सरकार ने शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के आदेश दिए हैं। मेडिकल वीजा वालों के लिए समय-सीमा 29 अप्रैल तक है।

इसके मद्देनजर भोपाल व इंदौर में पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी से इस अभियान में जुटा रहा। पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी संबंधित नागरिकों की पहचान कर उनकी जल्द से जल्द वापसी सुनिश्चित करें। भोपाल में करीब 235 पाकिस्तानी नागरिक आए हुए थे, ▶▶शेष पेज 5 पर

रविवार रात तक सबको निकाला

अब तक करीब हजार पाकिस्तानी नागरिक भारत से जा चुके हैं और रविवार तक बाकी को भी निकाल दिया गया। महाराष्ट्र से 107 लोग गायब बताए गए हैं। हालांकि, सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि कोई गायब नहीं हुआ है। महाराष्ट्र में करीब 5,050 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे थे और उनमें से ज़्यादातर लंबी अवधि के वीजा पर थे। इनमें से करीब 2,450 नागपुर में, 1,100 ठाणे में, 390 जलगांव में, 290 नवी मुंबई में, 290 पिंपरी चिंचवाड़ ▶▶शेष पेज 5 पर

पंजाब के सीमावर्ती किसानों को 48 घंटे में खेतों से फसल काटने के मिले निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तो क्या केंद्र की मोदी सरकार पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने कुछ ठोस करने की रणनीति बना रही है? तैयारियों से तो ऐसा प्रतीत होता है। भारत पाकिस्तान बार्डर के समीप बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में किसानों को 48 घंटे में फसल काटने का निर्देश दिया है। अमृतसर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और फाजिल्का जैसे जिलों के किसानों को निर्देश दिये गये हैं कि दो दिनों के अंदर खेतों में खडी फसल को काट लें। खेतों का रकवा बडा होने की वजह से इतनी जल्दी इतनी फसल का कटान करवाना फिर उनका भंडारण करना ▶▶शेष पेज 5 पर

पहलगाम के नृशंस हत्याकांड की पहेली जल्द सुलझेगी

जिम्मेदारों की गर्दन नपेंगी जिन्होंने आतंकियों की मदद की उन्हें भी जहन्नुम पहुंचाने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले में केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने 14 स्थानीय कश्मीरियों की पहचान की है, जिन्हें गत 22 तारीख को धर्म पूछ कर हिंदुओं की हत्या में शामिल आतंकवादियों को सहायता प्रदान करने का संदिग्ध माना जा रहा है। यह हमला जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले की बैसरन घाटी में हुआ था, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हुई और 20 से अधिक लोग घायल हुए। इस हमले को 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक माना जा रहा है। कोल्ड ब्लडेड मर्डर की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध संगठन द ▶▶शेष पेज 5 पर

भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग कहा- किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया ▶▶शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366
IPL आज का मुकाबला
राजस्थान गुजरात
शाम 7.30 बजे से

'मन की बात' में पीएम मोदी ने 'आतंकी हमला' समेत कई मुद्दों पर की बात

पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं पीड़ितों को 'न्याय' जल्द ही मिलकर रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।

अब देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा देखी जा रही

हम दृढ़ राष्ट्र के रूप में इच्छाशक्ति को मजबूत करेंगे

दोषियों को कड़ी सजा देने की बात फिर दोहराई

हमें संकल्पों को और मजबूत करना होगा

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। सभी ने जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगाऔर न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

दुनियाभर ने की इस हमले की निंदा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में, 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है।

बिहार से दी थी आतंक के आकाओं को चेतावनी

इससे पहले पपीएम मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

आतंकियों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

पीएम मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों ▶▶शेष पेज 5 पर

'ऑपरेशन ब्रह्मा' की भी याद दिलाई

भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया

पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। म्यांमार में आए भूकंप के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत की त्वरित सहायता, इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों द्वारा बच्चों के इलाज की पहल और अफगानिस्तान व नेपाल को वैक्सीन व दवाइयों की आपूर्ति जैसे प्रयासों का जिक्र करते हुए पीएम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को जीवंत किया। आपदा प्रबंधन में 'सचेत एप' की उपयोगिता पर जोर देकर उन्होंने तकनीक और सतर्कता के महत्व को भी उजागर किया।

बाइक से टकराकर कुए में जा गिरी कार

12 लोगों की मौत, बचाने उतरे एक शख्स ने भी दम तोड़ दिया

◆ आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार सहित कार सवार 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में जा गिरी।

सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार सवार सभी लोग रतलाम के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,डीआईजी मनोज कुमार सिंह, कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी और एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ▶▶शेष पेज 5 पर

कुए में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में देरी

कुए में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में टाइम लगा। कुए में पंप के जरिए पानी निकाला गया। वैन में सवार लोगों को बचाने कुए में उतरे मनोहर सिंह का शव की तलाश देर शाम तक जारी रही। वैन के फंसी तीन साल की बच्ची समेत चार लोगों को सुरक्षित निकालकर मंदसौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खबर संक्षेप

पाकिस्तान के हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

नई दिल्ली। पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का

हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। गौर हो कि चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

सवा करोड़ रुपए की शराब को किया जमींदोज

रायपुर। थानों के मालखाना में लंबे अरसे से कैद सवा करोड़ रुपए की शराब का शुक्रवार को

माना थाना परिसर में जेसीबी से रौंदकर नष्टीकरण किया गया। शराब नष्टीकरण की कार्रवाई एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर की गई। शराब नष्टीकरण आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा, एएसपी कीर्तन सिंह राठौर की निगरानी में की गई। मालखाने की पहचान शराब यार्ड के रूप में होती है।

पिता ने बेटी और दामाद को गोली मारी

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव जिले के चोपड़ा शहर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया

है। सीआरपीएफ के रिटायर्ड पीएसआई किरण मंगले ने एक शादी समारोह में अपनी ही बेटी और दामाद पर गोली चला दी। गोलीबारी की इस घटना में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद एसपी डॉ. महेश्वर रेड्डी मौके पर पहुंचे।

दिल्ली-एनसीआर में संस्थान के कई ठिकानों पर छापेमारी की

फिटजी कोचिंग के संचालकों के खिलाफ कसता जा रहा है शिकंजा पर अब तक न पैसे वापस हुए न छात्रों के पढाई की हो सकी व्यवस्था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख कोचिंग संस्थानों में से एक फिटजी मैनेजमेंट पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। एक बड़े वित्तीय घोटाले के आरोपों में घिरने के बाद प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है और दिल्ली-एनसीआर में संस्थान के कई ठिकानों पर छापेमारी की। फिटजी कोचिंग के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, सीएफओ राजीव बब्बर को दोहा, कतर से दिल्ली लौटने पर हवाई अड्डे पर ही पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने उनके खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी किया था, क्योंकि वे एफआईआर में नामित थे। हवाई अड्डे पर उन्हें रोककर एजेंसी ने पूछताछ की, जिसमें लेनदेन और प्रबंधन के साथ उनकी भूमिका पर सवाल उठाए गए। इस घोटाले में 14,411 छात्रों से 206 करोड़ रुपये की कथित ठगी, केंद्रों का अचानक बंद होना, और कर्मचारियों को वेतन न देने जैसे आरोप शामिल है। हजारों छात्रों और अभिभावकों का भविष्य दांव पर है। ईडी की छापेमारी, सीएफओ राजीव बब्बर की हिरासत, और मालिक डीके गोयल पर बढ़ता

दबाव इस मामले की गंभीरता को दर्शाता है। हालांकि, अभिभावकों को अभी सैंकडों करोड रुपए की फीस रिफंड और छात्रों को पढ़ाई की व्यवस्था का इंतजार है। जांच के नतीजे और आरोपियों पर कार्रवाई इस मामले के भविष्य को तय करेंगे। कोचिंग उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए सख्त नियमों की जरूरत है। ये बात दीगर है कि केंद्र सरकार ने पिछले संसदीय सत्र में ही कोचिंग संस्थानों के बेहतर संचालन के लिए विशेष कानून को आकार दिया है। उम्मीद की जा रही है कि उसका असर अब जल्द दिखने लगेगा।

संस्थान पर ये है आरोप

फिटजी पर अभिभावकों से पूरे साल की फीस लेकर कई केंद्रों को अचानक बंद करने, कर्मचारियों को वेतन न देने, और फीस की राशि को गलत तरीके से डायवर्ट करने का आरोप है। अभिभावकों ने इसे 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला बताया है, हालांकि ईडी ने 206 करोड़ रुपये की ठगी की पुष्टि की है। दिल्ली के प्रीत विहार केंद्र से शुरू हुई शिकायतें अब 200 से अधिक हो गई हैं। नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, और अन्य शहरों के अभिभावकों ने भी पुलिस में शिकायतें दर्ज की हैं। लगभग 14,411 छात्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र शामिल हैं, जो बोर्ड परीक्षाओं और जेईई की तैयारी कर रहे थे।

अब तक ईडी की कार्रवाई और छापेमारी

24 अप्रैल 2025 को, ईडी ने दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, लखनऊ, और भोपाल में फिटजी के 20 ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान **ED** ने 5 करोड़ रुपये के जेवर, 10 लाख रुपये की नकदी, और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम पीएमएलए के तहत की गई। ईडी को संदेह है कि फिटजी ने अभिभावकों से ली गई फीस को अवैध रूप से अन्य खातों में स्थानांतरित किया।

खबर संक्षेप

आयकर विभाग का कर्मचारी जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने आयकर विभाग के एक कर्मचारी को जबरन वसूली और डकैती के एक मामले में मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर गिरफ्तार किया है। दीपक कश्यप नामक आरोपी अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किये जाने के बाद से एक वर्ष से अधिक समय से फरार था। पुलिस के अनुसार यह मामला एक अगस्त 2023 का जनकपुरी का है। एक व्यापारी ने पुलिस में दी शिकायत में कहा था कि एक महिला समेत सात लोग उनके घर में जबरन घुस आए। उन्होंने व्यापारी पर आरोप लगाया कि उसने एक जमीन के सौदे से अपनी आय छुपाई है। फिर उन्होंने व्यापारी के परिवार को डराया-धमकाया और उन्हें किसी से भी बात करने से रोका, जिससे डर का माहौल बन गया। बाद में सीसीटीवी फुटेज से यह पता चला कि कई लोग इस घटना में लिप्त थे और वे एक एसयूवी में आए थे। जांच से पता चला कि कश्यप ने आयकर विभाग में अपने आधिकारिक पद का फायदा उठाकर पूरी घटना की साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि कश्यप ने अपने सहयोगियों को साथ मिलाया और आयकर विभाग के अधिकारी बनकर व्यापारी के घर पर पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि कश्यप को शुरू में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में वह जमानत पर जेल से बाहर आकर फरार हो गया था। इसी कारण नवंबर 2023 में द्वारका कोर्ट ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था।

हरियाणा का वांछित अपराधी दबोचा

नई दिल्ली। जेल बेल सेल द्वारका की टीम ने हरियाणा के एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। झज्जर जिले के गुभाना गांव निवासी आरोपी हरीश उर्फ मोनू (27) इस महीने की शुरुआत में गोलीबारी की घटना के बाद से फरार था। इसके खिलाफ पहले से ही डकैती, हत्या का प्रयास और अवैध हथियार रखने समेत कई मामले दर्ज थे। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार एक गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस पीओ एंड जेल बेल सेल ने हरीश को ककरौला नाले के पास रोका था। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और झज्जर में हुई गोलीबारी की घटना में इस्तेमाल की गई एक काली थार बरामद की गई। पूछताछ के दौरान हरीश ने स्वीकार किया कि वह अपराध की दुनिया में नाम कमाना चाहता था।

आग में 800 झुग्गियां जलकर हुई खाक

रोहिणी की झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

रोहिणी सेक्टर 17 में पांच एकड़ में फैली झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत हो गई। आग में करीब 800 झुग्गियां जलकर खाक हुई है। दमकल विभाग की टीम ने करीब तीन घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर पांच लोग घायल भी हुये हैं।

रोहिणी जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि घटनास्थल से दो बच्चों के जले हुए शव बरामद किए गए। मृतकों की उम्र ढाई और तीन साल के आसपास बताई गई है। डीएफएस के अनुसार आग की सूचना सुबह करीब 11:55 बजे मिली थी।

दमकल विभाग की 20 गाड़ियां श्रीनिकेतन अपार्टमेंट के पास पहुंची। दोपहर करीब दो बजे आग पर कुछ हद तक काबू पाया गया तो सर्च ऑपरेशन में दो बच्चों के शव बरामद हुये। आग पर पूरी तरह से तीन बजकर 20 मिनट पर काबू पाया गया। हालांकि बाद में भी कूलिंग का कार्य जारी रहा। आग लगने से करीब पांच एकड़ में फैली 800 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो गई। जब अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे तो आसमान में धुएं का घना गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। घायल पांच लोगों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीएफएस के अनुसार सबसे पहले एक झुग्गी में आग लगी थी और इसने तुरंत पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया।

संकरे रास्ते से आग बुझाने में हुई देरी

दमकल अधिकारी ने बताया कि संकरे रास्ते के कारण अग्निशमन कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दमकल प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के सामने चारदीवारी वाला एक आवासीय परिसर था जिससे वहां पहुंचना बेहद मुश्किल था। दमकल गाड़ियों को एक के पीछे एक खड़ा करना पड़ा, जिससे अभियान में देरी हुई। पुलिस आग लगने के वास्तविक कारण की जांच कर रही है।

झुग्गियों में आग पर आतिशी ने साधा निशाना

रोहिणी की झुग्गियों में भयंकर आग लगने पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रविवार दोपहर 1 बजे रोहिणी की झुग्गियों में भयंकर आग लगी हुई थी। उस आग में 2 बच्चों की जान चली गई। और उस समय दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी क्या कर रही थीं? वह "मन की बात" सुन रही थीं। पूरा दिन बीत गया - रोहिणी की झुग्गियों में जाना तो छोड़िए, मुख्यमंत्री को इस पर ट्वीट करने का टाइम भी नहीं मिला।

हाशिम बाबा गैंग को हथियार आपूर्ति करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की उत्तरी रेंज 1 ने हाशिम बाबा गैंग को हथियार आपूर्ति करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और छह कारतूस बरामद हुये। पकड़े गये अपराधियों के नाम मोहम्मद रिहान और सलमान अहमद है।

पुलिस के अनुसार पहले मोहम्मद रिहान को सेक्टर 24, रोहिणी से गिरफ्तार किया गया। वह हाशिम बाबा गैंग के एक सक्रिय सदस्य को दो सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल और चार कारतूस की आपूर्ति करने के प्रयास में था। बाद में रिहान की निशानदेही पर उसके सहयोगी सलमान अहमद को भी गिरफ्तार किया गया। सलमान रिहान को अवैध हथियारों की आपूर्ति करता था। सलमान अहमद के पास से भी एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये। रिहान को प्रेमाधार आयुर्वेदिक अस्पताल, दीप विहार, सेक्टर-24, रोहिणी से पकड़ा गया। इसके पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। रिहान मूलरूप से संभल, यूपी का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में जाफराबाद दिल्ली में रहता था। उसने संभल से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। शुरुआत में वह एक निजी अस्पताल में काम करता था, लेकिन सलमान के संपर्क में आने के बाद उसने अवैध हथियारों की आपूर्ति शुरू कर दी। सलमान जाफराबाद का रहने वाला है। उसने 8वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। पहले वह हस्तशिल्प के व्यवसाय में था, लेकिन दो साल पहले व्यवसाय में बड़ा नुकसान होने के बाद उसने अपने चचेरे भाई नदीम के संपर्क में आकर अवैध हथियारों की आपूर्ति का व्यवसाय शुरू किया।

जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एनडीएमसी हो रही तैयार : चहल

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

■ पालिका केन्द्र में उपाध्यक्ष ने की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एनडीएमसी प्रशासन पूरी तैयार में जुटा है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने अपने कार्यालय पालिका केन्द्र में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एनडीएमसी की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में एनडीएमसी के सचिव तारिक थॉमस एवं सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के बाद चहल ने अधिक जलभराव के संभावित स्थलों जैसे पुराना किला रोड, दयाल सिंह कॉलेज और भारती नगर का निरीक्षण भी किया। चहल ने कहा कि एनडीएमसी, प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत' के संकल्प के अनुरूप, सक्रिय योजना, टिकाऊ इंजीनियरिंग और जन-सहभागिता के माध्यम से एक सशक्त, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार नई दिल्ली बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

सम्प पिट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष चहल ने न्यायाधीश बंगलो के पीछे, पुराना किला रोड क्षेत्र में 5 लाख लीटर क्षमता वाले सम्प पिट (बेसिन) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि एनडीएमसी के विभागाध्यक्षों के साथ सूरत, गुजरात का दौरा किया गया, जिसका उद्देश्य वर्षा जल संचयन, बाढ़ प्रबंधन और जल संरक्षण की नवीनतम पहलों का प्रत्यक्ष अध्ययन करना था। उन्होंने कहा कि ये प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल के सक्षम मार्गदर्शन में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किए गए हैं।

बाबा साहब ने हर वर्ग के लिए दिया अपार योगदान : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हर वर्ग के लिए अपार योगदान दिया है और अम्बेडकर ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में पुल पहलादपुर में हरिकृष्ण वाटिका में आयोजित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी में यह संबोधन दिया। बिधूड़ी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। उन्होंने हर आम आदमी के हितों की रक्षा से लेकर दलित वर्ग के लिए समानता और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने तक भारतीय समाज में उनके अपार योगदान दिया। वह सच्चे अर्थों में भारत रत्न हैं। इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारत का सबसे महान मार्गदर्शक और पथ प्रदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि उनके बनाए संविधान के कारण ही भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है।

बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सम्मान में पंचतीर्थ बनाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि व आदर-मान दिया। जनपथ पर डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में हजारों लोग उनके जीवन से प्रेरणा ले रहे हैं।

दिल्ली हवाई अड्डे पर एक करोड़ 91 लाख की सोने की तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर करीब 1.91 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की तस्करी करने के आरोप में राजस्थान के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार को दुबई से आने पर रोका गया था।

सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मशीन में यात्री के सामान की जांच करने पर संदिग्ध तस्वीरें देखी गईं। डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) से यात्री की जांच करने पर बीप बीप जैसी कोई आवाज नहीं सुनाई दी। हालांकि, उसके सामान की विस्तृत जांच करने पर उसमें से दो किलोग्राम सोने की छड़ें बरामद हुईं। इसमें कहा गया कि यात्री की उम्र 40 वर्ष है और वह राजस्थान के जयपुर का निवासी है।

पहलगाम में मारे गए दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजली

नई दिल्ली। ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र नरेला ने रविवार को विश्व शांति एवं एकता हेतु मीडिया एवं आध्यात्मिकता की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारे ओम शांति मीडिया पत्रिका के मुख्य संपादक ब्रह्माकुमार सुशांत के अलावा प्रोफेसर प्रदीप माथुर, ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी, आर्य समाज के प्रधान संजय खत्री और सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी गीता सहित अन्य मौजूद थे। इस बारे में ब्रह्माकुमार सुशांत ने बताया कि मन को सशक्त, व्यवस्थित करने का कार्य यहां सिखाया जाता है। पवित्रता एवं सेवा भाव पत्रकारिता का आधार है। साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा से शुरू हुई यह संस्था आज विश्व के 140 देशों में फैल गयी है। जैसे हम अपने मोबाइल को चार्ज करते हैं उसी प्रकार स्वयं के मन को व्यवस्थित, सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने के लिए मेडिटेशन आवश्यक है। प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों को समाज में स्थापित करने के लिए समाचारों को सरल एवं व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया जाए।

ग्रामीणों का हाउस टैक्स माफ करें निगम प्रशासन : संघ

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली के नवनिर्वाचित महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह और उपमहापौर जय भगवान यादव को बधाई देते हुए उनसे दिल्ली देहात और गांवों के लंबित मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। संघ ने विशेष रूप से हाउस टैक्स माफी के पुराने संघर्ष को पूरा करने की मांग की। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण इलाकों को वर्षों से उनकी वाजिब मांगों से वंचित रखा गया है। भाजपा ने भी गांवों के हित में हाउस टैक्स माफ करने की बात की थी। अब दिल्ली देहात की जनता को राहत देने का समय आ गया है।

दिल्ली पंचायत संघ लंबे समय से दिल्ली के सभी गांवों को मालिकाना हक देने, हाउस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और पार्किंग शुल्क से पूर्णतः मुक्त करने, गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखने, रोजगार सृजन के लिए गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में शामिल करने और नगर निगम की नौकरियों में ग्रामीण युवाओं के लिए सो फीसद आरक्षण की मांग करता आ रहा है।

भाजपा सरकार मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदलकर डॉ अंबेडकर के नाम पर रखेः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को चाहिए कि वह मोहल्ला क्लीनिकों का नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जगह डॉ अम्बेडकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रखे। यादव ने कहा कि क्योंकि डॉ भीमराव अम्बेडर ने गरीबों, वंचितों और पिछड़ों को संविधान में उनके उत्थान के लिए विशेष अधिकार दिए। यादव ने सवाल उठाया कि क्या मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखने से दिल्ली वालों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान खस्ताहल 533 मोहल्ला क्लीनिक की जगह एक साल में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का लक्ष्य तय करना कहीं रेखा सरकार की अतिश्योक्ति तो नही। क्योंकि आम आदमी पार्टी 1000 मोहल्ला क्लीनिक खोलने का ढ़ोल पीटती रही और 10 वर्षों में 533 मोहल्ला क्लीनिक ही खोल पाई। बावजूद यह मोहल्ला क्लीनिक मरीजों को इलाज करने की जगह खुद बीमार और बदहाल रहे। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक का भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि यदि भाजपा की दिल्ली सरकार लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मोहल्ला क्लीनिकों की हालत सुधार कर उन्हें गरीब लोगों के इलाज के लायक बनाना ही चाहती है तो आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जगह इनका नाम डा0 अम्बेडकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रखना चाहिए। क्योंकि डा0 भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में देश के हर वर्ग के अधिकारों विशेषता गरीब, वंचित और समाज में निचली रेखा के लोगों को समानता का अधिकार देने के अवसर प्रदान किए थे। यादव ने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान दिल्ली सरकार के समय 2013-14 में 450 डिस्पेंसरी थी। जिनमें एलोपैथिक, मोबाइल हेल्थ क्लीनिक, स्कूल हेल्थ स्कीम शामिल थी जिनको आम आदमी पार्टी ने बंद करके मोहल्ला क्लीनिक खोल दिए। वर्ष 2022-23 में घटकर 228 रह गई थी।

आईपीयू के दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षाएं तीन मई से शुरू

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले के लिए दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षाएं (सीईटी) 3 मई और 4 मई को आयोजित की जाएंगी। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस. एल. भंडारकर ने बताया कि 3 मई को सुबह की पाली में एमएएमसी, एमपीटी, एमसीए, बी एससी (योग) और एमएस (पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) की प्रवेश परीक्षाएं हैं। शाम की पाली में डिप्लोमा धारकों के लिए लेटरल एंट्री टू बी. टेक, बीएड (स्पेशल एजुकेशन) और एमएस (मेडिसिनल केमिस्ट्री एंड ड्रग डिजाइन) की प्रवेश परीक्षाएं हैं। 4 मई को सुबह की पाली में बीबीए/बीबीए-एमबीए की प्रवेश परीक्षा और शाम की पाली में बीकॉम (ऑनर्स) की प्रवेश परीक्षा है।

सीएम ने भाजपा नेताओं व ग्रामीणों के साथ बवाना में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

दिल्ली में विकास का एक नया इतिहास लिखने जा रही है भाजपा सरकार: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

हर बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम जन चेतना का एहसास कराता है और यही वजह है कि दिल्ली में विकास का एक नया इतिहास लिखने भाजपा सरकार जा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली देहात के बवाना गांव में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात के लिए 1200 करोड़ रुपये विशेष रुप से दिया जा रहा है जिससे यहां की सड़कों से लेकर नाले ठीक कराए जा सके और साथ ही नरेला में हम एजुकेशन हब लेकर आ रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इंद्रराज और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात सुना। इस मौके पर विधायक गजेन्द्र दराल, उप महापौर जयभगवान यादव, जोन चेयरमैन पवन सहरावत एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

दिल्ली देहात के 110 गांवों को आईजीएल पाइपलाइन

रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने और दिल्ली देहात के 110 गांवों को आईजीएल पाइपलाइन से जोड़ने का काम हमारी सरकार करने जा रही है। इतना ही नहीं 600 गांवों में बेसिक समस्या को भी समाधान करने का काम हम करने जा रहे हैं।

अशांति फैलाने वालों को कभी बख्शा नहीं जाएगा : सचदेवा

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आज के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से साफ कर दिया है कि कश्मीर में अशांति फैलाने वालों को कभी बख्शा नहीं जाएगा और जम्मू कश्मीर को तबाह करने वाले आतंकी इस बात को समझ लें कि इसे पूरे हमले का जवाब जरूर दिया जाएगा। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तक जो भी कहा है वह करके दिखाया है और अगर पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं को न्याय देने की बात उन्होंने अपने मन की बात कार्यक्रम में कही है तो वह करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्पों को चुनौती के रुप में स्वीकार कर काम करने वाली सरकार है देश हो या दिल्ली, हर चुनौती को हम स्वीकार कर आगे बढ़ने का काम करेंगे।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने किया रकाब गंज साहिब के हेड ग्रंथी को निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तनखैया (धार्मिक सजा पाए) घोषित किए गए अकाली दल बादल के नेता हरविंदर सिंह सरना को मंच साझा करने के खिलाफ गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब के हेड ग्रंथी को पद से निलंबित कर दिया है। इस बारे में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने बताया कि हरविंदर सिंह सरना जो अकाल तख्त साहिब और अन्य तख्तों के जत्थेदारों के खिलाफ बयान दे चुके हैं को 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब ने तनखैया करार दिया था। इसके साथ ही संपूर्ण सिख समुदाय को निर्देश दिया था कि उसके साथ किसी भी प्रकार का सामाजिक या धार्मिक संबंध न रखा जाए। बावजूद इसके गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलबाग सिंह ने सरना को मंच प्रदान किया और सरना ने संगत को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हेड ग्रंथी द्वारा सरना को मंच पर आने व संबोधित करने देने की कार्यवाही श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों की स्पष्ट उल्लंघन है। इसलिए इस गंभीर गलती को देखते हुए कमेटी ने सख्त कदम उठाते हुए ज्ञानी दिलबाग सिंह को हेड ग्रंथी के पद से तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। कालका ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख कौम के लिए सर्वोच्च है और उसके आदेशों का पालन करना हर सिख का मूल कर्तव्य है। इस कर्तव्य में कोई भी लापरवाही किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कमेटी के पूरे स्टाफ को भी कहा कि वे यह हमेशा याद रखें कि श्री अकाल तख्त साहिब हमारे लिए सर्वोच्च है।

खबर संक्षेप

वीकेंड पर मौसम ने दी मामूली राहत

नई दिल्ली। वीकेंड रविवार को दिल्ली वालों को भीषण गर्मी से मामूली राहत का अहसास हुआ। सुबह से ही मौसम खुला रहा। दिन चढ़ने के साथ ही आसमान पर बादलों का आना जाना लगा रहा। जिसके चलते सूरज की किरणें सीधी जमीन पर नहीं पड़ने से गर्मी में कमी देखने को मिली। जिसकी वजह से पारे में मामूली गिरावट भी दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि रविवार को तापमान मामूली गिरावट के साथ अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.3 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान बढ़कर 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज, जो सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान कई दिनों बाद सामान्य से ऊपर पहुंचा है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी और शरीर को झुलसाने वाली लू की मार झेलनी पड़ सकती है।

केजरीवाल सरकार की विफलता के कारण हुई बसों की कमी : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली वाले भलीभांति जानते हैं कि केजरीवाल सरकार की विफलता के कारण दिल्ली में बसों की कमी है और यह स्थिती और भी खराब होती यदि केन्द्र सरकार ने फेम योजना में 1700 इलैक्ट्रिक बसें दिल्ली परिवहन निगम यानी डीटीसी को ना दी होतीं। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने रविवार को आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ की प्रेसवार्ता को लेकर यह बातें कही। दिल्ली भाजपा ने कहा कि दिल्ली में बस संकट का दावा पूरी तरह भ्रमात्मक है, दिल्ली में बस रूट रैषनालाइस किये गये हैं और बस परिचालन व्यवस्थित है तथा 2 मई को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 400 नई बसें दिल्ली वालों को समर्पित करेंगी।

जंतर-मंतर पर दिया धरना

आवारा कुत्तों के काटने पर राज्य सरकारें दें मुआवजा : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों के काटने पर राज्य सरकारें पीड़ितों को मुआवजा दें। देश और दिल्ली में आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती हुई समस्या को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने जंतर-मंतर पर धरने के दौरान यह संबोधन दिया। गोयल ने बताया कि उनके नेतृत्व में दिल्ली की रिहायशी कल्याण समितियों व गैर सरकारी संस्थाओं ने रविवार को जंतर-मंतर पर सैकड़ों की संख्या में धरना दिया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि पूरी दिल्ली से 100 से अधिक रिहायशी कल्याण समितियों व गैर सरकारी संस्थाओं ने इसमें भाग लिया और ऐसे बहुत से लोग आए थे जिनको कुत्तों ने काटा था उन्होंने अपनी आपबीती भी सुनाई। गोयल ने कहा कि वे दिल्ली भर की रिहायशी कल्याण समितियों के साथ पूरी दिल्ली और पार्कों में मीटिंग करेंगे इसके साथ-साथ केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के मंत्रियों, महापौर और अधिकारियों से कुत्तों की समस्या पर बैठकें कर हल निकालेंगे।

2000 कुत्ते रोज दिल्ली में काट रहे लोगों को

गोयल ने कहा कि देश भर में 12 करोड़ से अधिक कुत्ते हैं। अकेले दिल्ली में 11 लाख से अधिक कुत्ते हैं। देश में 20 हजार आवारा कुत्ते हर रोज काट रहे हैं और अकेले दिल्ली में 2000 कुत्ते रोज लोगों को काट रहे हैं। गोयल ने मांग की कि 100 प्रतिशत कुत्तों का नसबंदी करण और टीकाकरण होना चाहिए।

गोयल ने बताया कि पशु कल्याण बोर्ड ने जो पशु जन्म नियंत्रण नियम बनाए हैं, उनमें बदलाव आना चाहिए, क्योंकि वे जनता के हित में नहीं है। नहीं तो एक समय ऐसा आएगा कि आवारा कुत्तों की संख्या मानव संख्या से ज्यादा हो जाएगी।

गोयल ने बताया कि दिल्ली में दिल्ली सरकार के 70 पशु केंद्र हैं, उनमें भी कुत्तों की नसबंदी का काम होना चाहिए। गोयल ने कहा कि रेबीज से मरने वालों की एक-तिहाई संख्या हमारे हिंदुस्तान में है। हर साल 60 लाख कुत्तों के काटने के मामले देश में आते हैं। दूसरे देशों में कुत्तों को सड़कों पर घूमने की अनुमति नहीं है और सार्वजनिक स्थानों पर जानवरों को खाना खिलाना प्रतिबंधित है।

गोयल ने आरोप लगाते हुए कहा कि जंतर-मंतर धरने पर तथाकथित कुत्तों को खाने खिलाने वालों ने यहां सभा में हंगामा किया और बहस करने लग गए जिन्हें बाद में पुलिस पकड़ कर ले गई। 4-5 आवारा कुत्ते भी सभा के अंदर घूम रहे थे। गोयल ने कहा दिल्ली में वे रिहायशी कल्याण समितियों के बीच जब भी बैठक करते तो तथाकथित कुत्ता प्रेमी उनकी बैठक में वे गाली गलोच और बहस कर मोबाईल रील बनाने की कोशिश करते हैं। गोयल ने कहा जबकि उनके पास हमारे तर्कों का कोई जवाब नहीं होता है आवारा कुत्तों के इसी तरह काटने से लोग उनको नफरत की निगाह से देखते हैं।

यमुना क्षेत्र के पार्कों में सैलानियों के लिए बिछाया गया जूट कारपेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यमुना डूब क्षेत्र में स्थित पार्कों के रास्तों में एलजी विनय कुमार सक्सेना के निर्देश पर डीडीए ने जूट कारपेट बिछाया है। एलजी के इस नए अभिनव कदम से पार्कों में आने वाले लोग खुश है। डीडीए के अनुसार रविवार को एलजी ने खुद असिता पार्क में बिछाए गए जूट कारपेट का निरीक्षण किया और प्राधिकरण को निर्देश दिए कि अन्य पार्कों में भी इसी प्रकार जूट के कारपेट बिछाए जाए। डीडीए ने बताया कि एलजी ने एक और नवोन्मेषी कदम शुरू किया है, जिसमें उन्होंने अपने पार्कों में विशेष रूप से यमुना फ्लड प्लेन में स्थित पैदल यात्री, साइकिल ट्रैक पर जूट कारपेंटिंग का उपयोग करने की बात कही है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यमुना के किनारे कई सार्वजनिक हरित स्थल के निर्माण का नेतृत्व करने वाले एलजी सक्सेना ने व्यक्तिगत रूप से, केवीसी के अध्यक्ष के रूप में जूट के साथ अपने अनुभव के आधार पर डीडीए से आईटीओ के सामने यमुना पार असिता पार्क में पैदल यात्रा, साइकिल और ड्राइविंग ट्रैक पर जूट कारपेंटिंग का उपयोग करने के लिए कहा है। यह ध्यान देने योग्य है कि कोर्ट द्वारा यमुना फ्लड एरिया के मैदान में पार्कों में कंक्रीट के प्रयोग पर रोक लगा दी थी। जिसके कारण पार्कों के अंदर की पैदल पटरियों पर उस समय बहुत अधिक गंदगी हो रही थी, जब भी पैदल यात्री या साइकिल चालक उनका उपयोग करते थे, धूल उड़ने व बारिश में कीचड़ के चलते जहां गंदगी बढ़ रही थी, वहीं लोगों को भी परेशानी हो रही थी। ऐसे में एलजी ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए डीडीए से जूट के कालीन का उपयोग करने के लिए कहा था।

भाजपा सरकार ने दिल्ली की सड़कों से हटाई दो हजार बसे : आप

नई दिल्ली। भाजपा सरकार ने दिल्ली की सड़कों से अचानक दो हजार बसों को हटा दिया है। इससे भीषण गर्मी में दिल्लीवालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोग एक-एक घंटे तक बस स्टैंड पर बसों का इंतजार कर रहे हैं और सभी बसें लोगों से खचाखच भरी हुई हैं। बसों में लोग खड़े होकर यात्रा करने पर मजबूर हैं। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए दो हजार बसों को हटाकर भाजपा सरकार ने ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बहुत पीछे धकेल दिया है। कक्कड़ ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि अब भाजपा सारे टैंडर अपने पूंजीपति दोस्तों को देगी, ताकि कमीशनखोरी कर सके, जिसका बोझ दिल्ली की जनता पर ही पड़ेगा।

दिल्ली नगर निगम के लिए लकड़ियां बनी गले की फांस

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा कोरोना काल में अंतिम दाह संस्कार के लिए खरीदी गई लकड़ियां अब दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग प्रशासन के लिए गले की फांस बन रही है और निगम का जन स्वास्थ्य विभाग इन्हें ठिकाने लगाने के तरीके खोज रहा है। वहीं, सूत्रों का कहना है कि लकड़ियों का सही दिशा में उपयोग नहीं किए जाने से

लकड़ियों में दीमक आदि लगने से अब लकड़ियां खुद ही अपने अंतिम संस्कार की तरफ बढ़ रही हैं। इस मामले में बता दें कि नजफगढ़ जोन के द्वारका इलाके में एक जंगल में रखी गई इन लकड़ियों के संबंध में जब हरिभूमि संवाददाता को जानकारी मिली तब निगम प्रशासन से इन लकड़ियों की वर्तमान हालात की पुष्टि के लिए जानकारी मांगी गई तो निगम प्रशासन ने करीब एक सप्ताह बीतने के बाद भी जानकारी नहीं दी और चुप्पी साध ली। बता दें कि दिल्ली नगर निगम के 2022 में हुए एकीकरण से पहले कोरोनाकाल में दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने अंतिम दाह संस्कार के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ियों को खरीदा था और इसके बाद भी इन लकड़ियों का उचित उपयोग नहीं किया गया है।

डीसी से एमएचओ तक को है जानकारी

सूत्रों का यह भी कहना है कि इन लकड़ियों की ऐसी हालत की जानकारी नजफगढ़ जोन के उपायुक्त से लेकर निगम मुख्यालय बैठे एमएचओ तक है लेकिन इस मामले में कोई भी अधिकारी उचित निर्णय नहीं ले पा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इन लकड़ियों की रखवाली में जन स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी भी तैनात किए गए और वे अपने कार्य करने की जगह इनकी रखवाली में लगे हुए हैं।

- निगम प्रशासन खोज रहा ठिकाने लगाने के तरीके

BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference

Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों का विदाई उत्सव संपन्न

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने संचार क्लब के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक विदाई उत्सव का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक तिलक समारोह से हुई। जिसमें विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवन सिंह, डॉ. तरुणा नरूला, डॉ. सोनिया हुड्डा, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, प्रॉडक्शन सहायक अंजू सिंह सहित संचार के सीनियर एवं जूनियर विद्यार्थी और सीएमटी विभाग के सभी छात्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

चोरों ने घर से नकदी और गहने चोरी किए

फरीदाबाद। पर्वतीय कालोनी स्थित अटल चौक पर चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोरी की वारदात उस समय हुई जब परिवार हरिद्वार गंगा नहाने के लिए गया था। चोर अलमारियों का ताला तोड़कर गहने और नकदी ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बहू सोनिया ने बताया कि ससुर बादल, सास, जेठ और जेठानी हरिद्वार गए थे। उनके पति राणा पेशे से ड्राइवर हैं, वह भी काम पर थे। सोनिया ने घर में ताला लगाकर अपने मायके चली गई।

घर में घुसा युवक नाबालिग से की छेड़छाड़

फरीदाबाद। सेक्टर 58 स्थित समयपुर सुंदर कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसके खिलाफ बड़ी बहन ने पुलिस को शिकायत दी थी। लड़की ने पुलिस को बताया कि उनकी मां 24 अप्रैल को दवाई लेने बाहर गई थीं और वह खुद भी बाजार से सामान खरीदने गई थीं। जब वह सामान लेकर घर लौटी, तो उसने देखा कि कॉलोनी में रहने वाला एक युवक जिसका नाम अभिषेक है, छोटी बहन के साथ गलत तरीके से व्यवहार कर रहा था।

जीडीए कार्यालय में बनेगा पहल काउंटर ओएसडी कनिका ने किया निरीक्षण

आम जनता को मिलेगा समस्याओं का समाधान, साथ ही ऑफ लाइन मोड़ में चालान से पैमेंट की सुविधा होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) आम जनता की सुविधा के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश के बाद अब जीडीए के पीआरओ कार्यालय में विशेष पहल काउंटर स्थापित किया जा रहा है। पहल की तैयारी को लेकर जीडीए की विशेषधिकारी कनिका कौशिक ने पीआरओ कार्यालय का निरीक्षण किया।

कनिका कौशिक ने बताया कि यह काउंटर नागरिकों को। पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रॉपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन (पहल) पोर्टल से जुड़ी सेवाओं का सरल और त्वरित लाभ देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस पहल से जनता का जीडीए कार्यालय के अनावश्यक चक्कर खत्म करके पहल से जुड़ी सभी समस्याओं का एक विंडो पर सभी समाधान और डिजिटल सेवा का सहज अनुभव मिलेगा।

उन्होंने बताया कि पोर्टल पूरी तरह से लांच के लिए तैयार है। मंगलवार को इसका प्रजेंटेशन उपाध्यक्ष अतुल वत्स के समक्ष प्रस्तुत किया गया, और बुधवार को कौशांबी में क्रेडाई ग़ाज़ियाबाद के कार्यक्रम में इसका विस्तृत परिचय कराया गया। अब आगामी बोर्ड बैठक मे इसका प्रस्ताव माननीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

जनता को मिलेंगी ये मुख्य सुविधाएं

प्रॉपर्टी की जानकारी ऑनलाइनः हर संपत्ति को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। आवंटी अपनी प्रॉपर्टी से संबंधित सभी जानकारियाँ पोर्टल पर लॉगिन करके देख सकेगा।

एनओसी के लिए डिजिटल आवेदन

सम्पत्ति की पूरी राशि जमा करने के बाद एनओसी के लिए अब कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। आवंटी पोर्टल के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षरित एनओसी प्राप्त कर सकेगा। किस्तों का ऑटोमैटिक रीशेड्यूलिंगः निर्धारित किस्तों से अधिक भुगतान करने पर शेष किस्तें स्वतः आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार रीशेड्यूल हो जाएंगी।

पहल काउंटर से मिलेगी अतिरिक्त सहायता:अतुल वत्स

जिन नागरिकों को पोर्टल के उपयोग में तकनीकी या अन्य किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, वे सीधे जीडीए पीआरओ कार्यालय में स्थापित पहल काउंटर पर संपर्क कर सकेंगे। यहाँ प्रशिक्षित स्टाफ त्वरित समाधान प्रदान करेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण तकनीक के माध्यम से नागरिकों को सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने के लिए नई योजनाएं बना रहा है। पहल पोर्टल और पीआरओ कार्यालय में बनने वाला पहल काउंटर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनता के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा।

पूर्व मंत्री करतार भड़ाना के फार्म हाउस पर चाय पर चर्चा करने पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री

मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत विकसित भारत की दिशा में बढ़ रहा आगेः कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत.2047 विजन देश की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार का दूरदर्शी विजन है। उन्हें पूरा भरोसा है कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से आतंकवादियों और देश के दुश्मनों को ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अवश्य ही विकसित भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।

हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है और एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब देगी और पाकिस्तान को आतंक को शह देने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। सरकार आंतक व आतंकवादियों को जड़ से समाप्त करेगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृति न हो सकें। केन्द्रीय राज्यमंत्री अपने चाचा एवं पूर्व मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता करतार सिंह भड़ाना के गांव अनंगपुर स्थित फार्म हाऊस पर पहुंचने के बाद उपस्थित लोगों से चाय पर चर्चा के दौरान कहीं। इस मौके पर पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने केन्द्रीय राज्य मंत्री का अपने कार्यालय पर आने पर स्वागत किया और पिछले दिनों फरीदाबाद में हुए निकाय चुनावों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद और केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में हुए चुनावों में हुई प्रचंड जीत के लिए भी उन्हें बधाई दी।

पाक की नापाक हरकतों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा

यह लोग उपस्थित थे

इस मौके पर वरिष्ठ नेता ओमपाल टोंगर, पार्षद विरेन्द्र उर्फ बिन्दे भड़ाना, आजाद भड़ाना, कुलदीप हरसाना, मधु भड़ाना, संदीप टोंगर, महिपाल यादव, रामनिवास भड़ाना सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने केन्द्रीय मंत्री से कश्मीर के पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना में हिन्दुओं को मारने वाले आतंकवादियों को सख्त से सख्त सजा देने की बात रखी। जिस पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आपकी भावनाओं पर केन्द्र की मोदी सरकार पूरी तरह से काम कर रही है कुछ आतंकवादियों को मार गिराया है बाकियों की पहचान की जा चुकी है जल्द ही उनको भी सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने भी कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में नायब सरकार का विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। अब ट्रिपल ईंजन की सरकार बनने के लिए हरियाणा में और तेजी से कार्य होगें। उन्होंने कहा कि जहां तक बात आतंकवाद की है तो पाकिस्तान को पूरा अहसास हो गया है कि अब उनकी इन नापाक हरकतों को नहीं नजरअंदाज किया जाएगा। विश्व के सभी देश आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार के साथ खड़े हो गए है और अब इस आतंकवाद को जड़ से खत्म करके ही सरकार चैन लेगी।

जाट समाज ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

फरीदाबाद। जाट समाज फरीदाबाद द्वारा आज सेक्टर 16 स्थित किसान भवन में पिछले दिनों पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संस्था के महासचिव एच एस मलिक ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए इस घिनौने कृत्य से भारत का हर नागरिक आक्रोशित है। वही दुनिया में भी आतंकवाद के खिलाफ अब आवाज उठने लगी है। उन्होंने कहा कि हर प्राणी और हर धर्म अपने-अपने देश समाज और परिवार में शांति और सद्भाव से रहना चाहता है लेकिन कुछ दहशतगर्द लोग देश का अमन चैन छीनकर आपस में लड़ाने के लिए यह कार्य कर रहे हैं। जिसे भारत देश किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। शिव राम तेवतिया ने कहा कि धर्म के नाम पर आतंकवाद को बढ़ावा देना यह न्याय संगत नहीं है यदि किसी में भारत से बराबरी करने की क्षमता है तो आमने-सामने आकर दो-दो हाथ करें पहलगाव की इस घटना ने हर भारतीय का दिल झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जाट समाज फरीदाबाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करता है कि ऐसी घटनाएं देश में दोबारा पैदा ना हो और ऐसे लोग देश में आकर ऐसी घिनौनी हरकत न कर सके इसके लिए उन्हें सबक सिखाने हेतु तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब भारत देश पहले जैसे देशों की तरह नहीं, यदि कोई भी देश ऐसी हरकत करने का प्रयास करेगा तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। दुख की इस घड़ी में समूचे देश की संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश और पूरी दुनिया इस घटना की निंदा कर रही है। जिस प्रकार से बेकसूर नागरिकों को गोलियों से भूना गया यह मानवता के ऊपर एक हमला है।

यह लोग शामिल हुए

इस अवसर पर आर.एस. दहिया, टी.एस. दलाल, आर.एस. राणा, एसएस मान, एचएस ढिल्लो, रमेश चौधरी, सूरजमल, महेंद्र पहल, बलजीत सिंह, दरयाब सिंह श्योराण, फूल सिंह, रतन सिंह सिवाच, रिटायर्ड आईपीएस श्योराण सहित जाट समाज के अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

फोर्टिस गुरुग्राम ने किया 'रेड रन टू एंड थैलसीमिया' का आयोजन

थैलसीमिया का उन्मूलन करना केवल मेडिकल लक्ष्य ही नहीं है, बल्कि नैतिक दायित्व भीः जैकी श्रॉफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

फोर्टिस हेल्थकेयर ने 2035 तक थैलसीमिया के उन्मूलन के उद्देश्य से देशव्यापी आंदोलन 'मिशन 2035' लॉन्च करने की घोषणा की। इस महत्वाकांक्षी पहल को ध्यान में रखकर फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने रेड रन टू एंड थैलसीमिया का आयोजन किया। जिसमें दो हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और लगभग 5 किलोमीटर का फासला तय किया। इस अवसर पर, थैलसीमिया जागरूकता के ब्रैंड एंबेसडर बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ ने इस महत्वपूर्ण हेल्थकेयर मूवमेंट को समर्थन दिया और कहा कि थैलसीमिया का उन्मूलन करना केवल मेडिकल लक्ष्य ही नहीं है, बल्कि नैतिक दायित्व भी है। भारत में हर साल लगभग दस हजार से पन्द्रह हजार थैलसीमिया मेजर के नए मामले सामने आते हैं। यह एक ऐसा मौन संकट है जो लगातार अनगिनत परिवारों को, खासतौर से कम सुविधा-प्राप्त क्षेत्रों में, प्रभावित करता आ रहा है। आरंभिक स्तर पर स्क्रीनिंग और जागरूकता से अनेक बच्चों को आजीवन परेशानी से बचाया जा सकता है। फोर्टिस हेल्थकेयर की मिशन 2035 पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक सेहतमंद भविष्य का निर्माण करने में मददगार साबित होगा। हम मिल-जुलकर, इस संदेश को बड़े पैमाने पर पहुंचाएंगे, क्योंकि बचाव की शुरुआत जागरूकता से ही होती है।

डॉ विकास दुआ, प्रिंसीपल डायरेक्टर एंड हेड, पिडियाट्रिक हेमेटोलॉजी, हेमेटो ओंकोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट, फोर्टिस गुरुग्राम ने कहा कि थैलसीमिया ऐसा आजीवन बोझ है जो न सिर्फ बच्चे को बल्कि पूरे परिवार को भी शारीरिक, भावनात्मक और वित्तीय स्तर पर काफी प्रभावित करता है। लेकिन, इससे पूरी तरह से बचाव किया सकता है जिसके लिए समय पर स्क्रीनिंग तथा जेनेटिक काउंसलिंग की जरूरत होती है। मिशन 2035 ऐसी महत्वपूर्ण पहल है जो यह सुनिश्चित करेगी कि भारत में कोई भी थैलसीमिया-ग्रस्त बच्चा जन्म नहीं ले। मिल-जुलकर प्रयास करने, जागरूकता और नीतिगत समर्थन के बलबूते हम इस विजन को साकार कर सकते हैं। वहीं डॉ आशुतोष रघुवंशी, एमडी एवं सीईओ, फोर्टिस हेल्थकेयर ने कहा कि मिशन 2035 प्रीवेंटिव हेल्थकेयर और थैलसीमिया मुक्त भारत की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता है। इस सिलसिले में, रेड रन का आयोजन केवल सांकेतिक नहीं है, बल्कि हमारी संयुक्त इच्छा शक्ति की ताकतवर अभिव्यक्ति भी है। थैलसीमिया से बचाव संभव है, और हमें इसके प्रसार को रोकने के लिए शुरुआती स्क्रीनिंग, जेनेटिक काउंसलिंग तथा आम जनता को शिक्षित करना जरूरी है।

भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया

विप्र समाज के लोगों ने हवन में आहुति डालकर विश्व कल्याण की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला फरीदाबाद ब्राह्मणों ने समाज के 80 साल से उपर के बुजुंगों को सम्मानित किया। इस सम्मान कार्यक्रम में करीब 150 बुजुर्ग पहुंचे।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गायत्री परिवार के द्वारा हवन का आयोजन करके की गई। हवन में भारी संख्या में पहुंचे विप्र समाज के लोगों ने हवन में आहुति डालकर विश्व कल्याण कामना करते हुए कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की और दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रृद्धांजली दी गई। उसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे सभी बुर्जुगों का सम्मान कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा द्वारा सम्मानित करने पर बुजुर्ग बेहद प्रसन्न नजर आए और उन्होंने सभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को इस भव्य आयोजन के बधाई और अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम मुख्य रूप से पहुंचे पूर्व मंत्री व बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, बलजीत कौशिक, शास्त्री गिरिराज , सुमित, तेजप्रकाश , विनोद कौशिक के कर कमलों से यह सम्मान दिया गया। अंत जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बृजमोहन बातिस ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी बुजुर्गों व अतिथियों का धन्यवाद किया।

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने ली बैठक

गाजियाबाद। महानगर कांग्रेस कमेटी पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता मे मासिक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें 100 वार्ड में वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में वार्ड स्तर पर किस तरह कांग्रेस पार्टी को जमीनी मुद्दे उठाकर के मजबूत किया जाए। सभी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखें । कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महासचिव संजीव शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी ,वी के अग्निहोत्री जी बाबूराम शर्मा सृष्टि के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत , सलीम सैफी आशीष प्रेमी , आशीष गुप्ता, सविता गौतम जी, लियाकत अली प्रधान , उदय सिंह पाल विकास शर्मा एडवोकेट राकेश कुमार गोपाल भाटी मुखर्जी, नरेंद्र मास्टर ,आदि सम्मानित साथी मौजूद रहे ।

वाल्मीकि समाज की कन्या का भात भरकर दिया सामाजिक समरसता का परिचय

समिति के इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पिता व मामा के नहीं होने पर श्री अखंड रामायण पाठक एवं सुंदरकांड पाठ सेवा समिति, फिरोजपुर झिरका ने एक वाल्मीकि समाज की कन्या का भात भरकर सामाजिक समरसता का परिचय देकर अनूठी मिसाल कायम की है। भात में समिति के ब्राह्मण, वैश्य व अन्य समुदाय के लोगों के शामिल होने की शहर व इसके साथ लगते इलाकों में सर्वत्र चर्चा हो रही है। सभी मुक्त कंठ से इस कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं।

दरअसल, फिरोजपुर झिरका के वाल्मीकि समाज के लक्ष्मण का गत वर्ष निधन हो गया था। उनकी बेटी तान्या की शादी तय हो गई थी। शादी का निमंत्रण पत्र छपवाने के लिए तान्या की मां नीलम देवी मैन बाजार स्थित प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंची। इस दौरान जब प्रेस संचालक कुक्की पंडित को पता चला कि नीलम का भाई व पति नहीं है। ऐसे में कन्या के भात के भरने की समस्या है तो

उन्होंने नीलम से हताश नहीं होने की बात कही और भात भरवाने का आश्वासन दिया। कुक्की पंडित श्री अखंड रामायण पाठक एवं सुंदरकांड पाठ सेवा समिति, फिरोजपुर झिरका के अध्यक्ष भी हैं। बैठक कर वाल्मीकि समाज की कन्या का भात भरने की बात कही। सभी की सहमति पर समिति के पदाधिकारी वाल्मीकि समाज की कन्या का भात भरने उसके घर पहुंचे। जहां समाज की महिलाओं ने उनका स्वागत किया। समिति ने कन्या के भात में 81 सौ रुपए नगद, 21 साड़ी, वर व वधु के कपड़े, सोने की लोंग, चांदी के बिछुआ, बर्तन, गिफ्ट व सामान देकर समाजिक समरसता का परिचय दिया।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम भेजा हस्ताक्षरित पत्र

एक राष्ट्र, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाएगाः मयंक गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वावधान में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के समर्थन में 'व्यापारी समागम विचार गोष्ठी' का भव्य आयोजन कविनगर, गाजियाबाद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व पहलगाम की घटना में मरने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी व्यापारियों ने हस्ताक्षरित ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक शल अजीत पाल त्यागी तथा समन्वयक सरदार एसपी सिंह को सौंपा गया। इस अवसर पर वन नेशन वन इलेक्शन के समन्वयक सरदार एसपी सिंह, सरदार जौली एवं राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल बालकिशन गुप्ता, डॉक्टर विनीता त्यागी, अजय सिंघल, एसके चौधरी,पार्षद राजकुमार नागर, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, सौरभ यादव, आशु पंडित आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय ने सधे हुए अंदाज में किया

मयंक गोयल ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त और कुशल बनाएगा। व्यापारियों का जागरूक समर्थन इस दिशा में बड़ा परिवर्तन लाएगा। भाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती रही है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन से चुनावी प्रक्रियाओं में समय, श्रम और खर्च की बचत होगी और देश विकास की राह पर और तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने कहा व्यापारी समाज का संकल्प इस राष्ट्रवादी अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेगा। हमें गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक बदलाव का हिस्सा बन रहे हैं। कार्यक्रम के संचालक पंडित अशोक भारतीय ने कहा व्यापारी समाज देश के हर परिवर्तन में अग्रणी रहा है। आज भी 'वन नेशन वन इलेक्शन' को साकार करने का संकल्प हम सबने लिया है।

सेल्समैन ने दस साल से लिव-इन में रह रही पार्टनर की हत्या की

आरोपी नानी के पास जाकर युवक बोला, मैंने उसे मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सारन थाना क्षेत्र स्थित जवाहर कॉलोनी में पिछले 10 साल से लिव इन में रहने वाली महिला का सेल्समैन ने मर्डर कर दिया। आरोपी ने महिला का मर्डर करके शव को बेड में छिपा दिया। पड़ोसियों को शव से बदबू न आए इसलिए वह पूरे घर में अगरबत्ती जलाता रहा। युवक ने अपने साथी को मारने के बाद खुद अपनी नानी को जाकर बताया कि उसने महिला का मर्डर दिया है। युवक की नानी ने सारन थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर बेड से शव को बरामद किया। आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

जवाहर कॉलोनी में रहने वाली बुजुर्ग सुंदरी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पास उनका नाती जितेंद्र सोनिया नाम की महिला के साथ लिव इन में पिछले 10 साल से रहता था। इन 10 सालों में उनका जितेंद्र से किसी भी तरह का संपर्क नहीं हुआ। यहां तक की जितेंद्र के दो बच्चे है। वह अपने बच्चों से भी संपर्क नहीं रखता था। जितेंद्र की पत्नी पूनम का करीब 12 साल पहले बीमारी की वजह से देहांत हो गया था।

खबर संक्षेप

झारखंड बना निवेश का नया गढ़

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन के दौरे पर गए सरकार के प्रतिनिधिमंडल

ने खनन क्षेत्र में निवेश के नए अवसरों की जानकारी दी। खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष एक व्यापक प्रेजेंटेशन के माध्यम से झारखंड में प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉकों की नीलामी खनन उपकरण निर्माण में निवेशकों को न्योता दिया।

रविवार को भी खुले रहेंगे गेहूं क्रय केंद्रः सीएम योगी

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि उप्र में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए 42 दिन में 4,20,

837 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू हुई थी और 15 जून तक चलेगी। रविवार को अवकाश के दिन भी खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क किया। असुविधा न हो इसके लिए शुद्ध पेयजल, समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

तालाब में डूबने से दो भाई और बहन की मौत

प्रतापगढ़। कोहड़ौर थाना क्षेत्र के परसूपुर गांव में स्नान करने गए तीन सगे भाई बहनों की डुबने से

मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने तीनो बच्चों के शवों को बाहर निकाला। नगर पंचायत कोहड़ौर के धरौली मधुपुर वार्ड के रहने वाले तीन बच्चे केसरी (7), कुकी, कुकी (6) और खुशी (10) तीनों सगे भाई बहन हैं। तीनों रविवार को तालाब में स्नान करने गए थे।

अयोध्याः आतंकवाद के खिलाफ भगत सिंह चौक में निकाला कैंडल मार्च

शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट, इनरव्हील क्लब व फैजाबाद मैत्री द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चौक घंटा घर के पास शहीद स्मृतिका पर से पूरे चौक में कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च का नेतृत्व ट्रस्ट की सदस्य ऋतु सिंह राठौर, रेशमा बानो और पूजा श्रीवास्तव ने किया।

कैंडल मार्च में आतंकवाद मुर्दाबाद, आतंकवाद का नाश हो, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकी हमले में शहीद अमर रहें, आतंकी हमले की उच्च स्तरीय जांच हो आदि नारे लगाते हुए मार्च निकला गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को शहर के

बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और संस्कृतिकर्मियों द्वारा संबोधित किया गया।

वरिष्ठ कवि-लेखक आशाराम जागरथ ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। किसी भी मनुष्य को धर्म, जाति आदि के आधार पर मारा जाना एक अत्यंत क्रूर है। कवि डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना ने समूचे विश्व को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में एक भारतीय के रूप में यह जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि हम देश में सांप्रदायिक वैमनस्य और घृणा को फैलाने के आतंकियों के मंसूबे को सफल न होने दें।

शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने मासूम पर्यटकों की जिस नृशंसता से हत्या की है उसका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए। अब समय आ गया है कि सरकार आतंकवाद की समस्या के समाधान के लिए गम्भीर प्रयास करे। शायर मुज़म्मिल फिदा ने कहा कि भारत का आम मुसलमान इस समय पूरी मज़बूती से आतंकवाद के विरोध में एकजुट है। आतंकवाद की इन घटनाओं के बीच भी अमन और मुहब्बत की कहानियाँ सामने आ रही हैं और यही भावना हमारे देश को बनाए रखती है।

पहलगाम हमले पर इतना गुस्सा पैरों से रौंदा पाक का झंडा

अलीगढ़। पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई कायरता के खिलाफ लोगों में गुस्सा चरम पर है। इसी गुस्से का 26 अप्रैल को भी शहर में जगह जगह इजहार किया गया। कहीं पाकिस्तान का पुतला फूंका तो कहीं विरोध दर्ज कराया। इसी बीच गुस्से का इजहार शहर की सड़कों पर पाक का झंडा पैरों-बाइकों से रौंदकर किया। साथ में पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की। बजरंग दल व धर्म जागरण के कार्यकर्ताओं ने पुराने शहर के बारहद्वारी, रसलगंज, रेलवे रोड आदि जगहों पर इस तरह प्रदर्शन कर गुस्सा जताया। वहीं तमाम राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने भी अलग अलग प्रदर्शन किए। सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी और जिलामहासचिव मनोज यादव की अगुवाई में इस घटना के विरोध में केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वहीं पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष को मारने तक की बात कहते हुए पाकिस्तान का झंडे सहित पुतला दहन किया। इस अवसर पर फिरोज आलम,आरती सिंह , हफीज अब्बासी , राकेश यादव , इमरान पार्षद , एम ए खान गांधी , रईस गाजी , अनीस नानी,आमिर आबिद इलू , आकील पार्षद , वीर यादव आदि थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा की

जल्द ही गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर उतरेंगे लड़ाकू विमानः सीएम योगी

एजेंसी ▶▶ शाहजहापुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नवंबर तक हर हाल में गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा कर लिया जाए। वह दो और तीन मई को हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतारे जाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए यहां पहुंचे थे। पहली बार किसी एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर जलालाबाद से गुजरे गंगा एक्सप्रेस-वे पर बने हेलिपैड पर सुबह 11.56 बजे उतरा। उन्होंने कार में बैठकर करीब पांच सौ मीटर तक हवाई पट्टी का निरीक्षण किया। इसके बाद वह सेफ रूम में चले गए। यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा यूपीडा व गंगा एक्सप्रेस-वे की निर्माणदायी कंपनी के प्रतिनिधियों से निर्माण की प्रगति जानी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे का निर्माण हर हाल में नवंबर तक पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतारे जाने की तैयारियों की भी समीक्षा की।

सीएम ने कहा कि एक्सप्रेस-वे का निर्माण हर हाल में नवंबर तक पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतारे जाने की तैयारियों की भी समीक्षा की। यह पहली बार होगा जब किसी एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान नाइट लैंडिंग करेंगे।

खास बातें

- पहली बार किसी एक्सप्रेस वे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग होगी।
- सीएम ने पांच सौ मीटर तक हवाई पट्टी का निरीक्षण किया

सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में जानकारी ली

उन्होंने संबंधित कार्य जल्द पूरे किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री 12:30 बजे हेलिकॉप्टर में बैठकर हापुड़ के लिए उड़ गए। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। एक्सप्रेस वे पर साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी बनाई गई है। यह पहली बार होगा जब किसी एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान नाइट लैंडिंग करेंगे। इस संबंध में सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। दो मई की रात को लड़ाकू विमान उतरेंगे। तीन मई को दिन में लैंडिंग का कार्यक्रम होगा।

नवंबर 2025 तक होगा पूरा काम

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2019 में कुंभ के दौरान पश्चिम प्रदेश को प्रयागराज से जोड़ने का निर्णय लिया गया था। 2020 में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण को कैबिनेट ने मंजूरी दी गई। बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे की लंबाई 594 किलोमीटर है। जिससे विकास गति मिलेगी। योगी बोले कि इसके आसपास औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे। रोजगार सृजन बढ़ेगा। बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास शाहजहांपुर में ही प्रधानमंत्री ने किया था। इसका निर्माण नवम्बर 2025 तक पूर्ण हो जाएगा।

मुख्यमंत्री के गृह जिले में प्रशांत किशोर ने कहा-

बिहार का नेतृत्व करने की हालत में नहीं दिख रहे सीएम नीतीश

एजेंसी ▶▶ नालंदा

चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में पहुंचे। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के गांव कल्याण बिगहा से 11 मई को जनसुराज पार्टी के एक बड़े अभियान का शुरुआत करने का एलान किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला। कहा कि नीतीश सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया। प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से जब से मैंने जनसुराज अभियान शुरू किया है। यह नालंदा की धरती पर मेरी पहली यात्रा है। पिछली बार हम राजगीर में आए थे, तब नीतीश बाबू के साथी थे। आज तीन वर्ष बाद एक बड़े अभियान की शुरुआत करने मैं नालंदा आया हूं।

नीतीश कुमार सुशासन के लिए जाने जाते थे

प्रशांत किशोर ने राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम में व्याप्त भ्रष्टाचार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लैंड डिजिटलाइजेशन के नाम पर भूमि सुधार का जो कार्यक्रम नीतीश सरकार ने शुरू किया है। उसमें हालात यह है कि कोई घर ऐसा नहीं है जिसमें परिवार में जमीन को लेकर झगड़ा न हो। दाखिल-खारिज में, रसीद कटाने में, जमाबंदी में हर जगह लोगों को 1000, 2000, 25000 रुपए घूस देना पड़ रहा है। प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार की वर्तमान स्थिति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि 2014-15 में नीतीश कुमार सुशासन के लिए जाने जाते थे। आज वही नीतीश कुमार हैं, जिनकी सरकार अधिकारियों के जंगल राज चलाने के लिए दोषी बताई जा रही है। आज लग रहा है कि नीतीश बाबू की वो हालत नहीं है।

पेज एक का शेष

देश छोड़ने की...

जिनमें से कई पहले ही देश छोड़ चुके हैं। इंदौर में 200 से अधिक पाकिस्तानी सिंधी नागरिक शॉर्ट टर्म वीजा पर रह रहे थे। इनमें से कई लोग व्यापारिक गतिविधियों, धार्मिक यात्राओं या पारिवारिक कारणों से आए थे, जबकि कुछ परिवार यहां स्थायी निवास का सपना भी देख रहे थे। इन सभी को रवाना कर दिया गया है। इंदौर के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पासपोर्ट विभाग ने लगातार पाकिस्तानी नागरिकों से संपर्क किया और उन्हें वाघा बॉर्डर के जरिए वापस भेजने की प्रक्रिया समझाई। इस पूरे अभियान की निगरानी एडिशनल डीसीपी प्रियंका धुर्वे कर रही थीं।

629 भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान से लौटे: अब तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गोवा, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा चुका है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा करीब 1,000 पाकिस्तानी नागरिक शॉर्ट-टर्म वीजा पर थे, जिनमें से कई ने देश छोड़ दिया है। कुछ नागरिकों ने विमान से भारत छोड़ा। चूंकि भारत का पाकिस्तान के साथ सीधा हवाई संपर्क नहीं है, इसलिए वे अन्य देशों के लिए रवाना हुए। 629 भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान से लौटे हैं, जिनमें 13 राजनयिक और अधिकारी शामिल हैं।

पंजाब के सीमावर्ती ...

आसान नहीं। संबंधित जिला अधिकारियों को केंद्र की ओर से सख्त संदेश है कि बीएसएफ अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय कर किसानों को अगर किसी भी तरह की संसाधन चाहिए उन्हें तत्काली मुहैया करायें, लेकिन महज 48 घंटे में खेतों के आरपार का दृश्य स्पष्ट होना चाहिए। बार्डर पर किसानों को जीरो लाइन के पार खेती करने की विशेष अनुमति होती है। वहां भी स्थानीय गुरुद्वारों के जरिए भी इसकी घोषणा की गई है, ताकि किसान जल्द से जल्द फसल काटकर खेत खाली कर दें। इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ सैन्य अफसरों को आवश्यक हिदायतें अवश्य जारी की हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई, जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़े कदम उठाए, जैसे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना और राजनयिक कर्मचारियों की संख्या कम करना। इसके अलावा, फिरोजपुर में एक बीएसएफ जवान के गलती से सीमा पार करने और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा हिरासत में लिए जाने की घटना ने भी तनाव बढ़ाया है। सीमा पर बीएसएफ ने गश्त बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के किसानों को बीएसएफ का यह आदेश सुरक्षा उपायों का हिस्सा प्रतीत होता है, न कि किसी बड़े सैन्य अभियान का संकेत। गृहमंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि फसल कटाई का निर्देश इसलिए दिया गया है ताकि सीमा पर तारबंदी के पार कोई गतिविधि न हो, जिससे सुरक्षा बलों को निगरानी में आसानी हो। इसके अलावा, साहोवाल गांव के पास 4.5 किलो आरडीएक्स, हथगोले और अन्य हथियारों का जखीरा मिलना भी सुरक्षा बलों की सतर्कता को दर्शाता है। सरकार से जुड़े विश्वस्त सूत्रों का मानना है कि मोदी सरकार की ओर से कोई बड़ी सैन्य तैयारी का स्पष्ट संकेत नहीं है। बीएसएफ का निर्देश सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने के लिए है, जो पहलगाम हमले और हाल की घटनाओं के बाद स्वाभाविक है। किसानों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जरूरी कदम माना जा रहा है।

रविवार रात ...

में, 120 अमरावती में और 15 मुंबई में थे। तेलंगाना में 208 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे थे। दक्षिणी तटीय राज्य केरल में 104 पाकिस्तानी नागरिक थे, जिनमें से 99 लंबी अवधि के वीजा पर थे। बचे पांच, जो पर्यटक या चिकित्सा वीजा पर थे, देश छोड़ चुके हैं। ओडिशा में करीब 12 पाकिस्तानियों की पहचान की गई है और उन सभी को देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करने को कहा गया है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि राज्य में अल्पकालिक वीजा पर आए तीन पाकिस्तानी नागरिकों को जाने को कहा गया है।

जिम्मेदारों की गर्दन नपेंगी..

रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। इस संगठन को पाकिस्तानी सेना और आईएसआई का समर्थन प्राप्त बताया जाता है।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, एनआईए और जम्मू-कश्मीर पुलिस, ने हमले की जांच के दौरान 14 स्थानीय कश्मीरियों की सूची तैयार की। इन व्यक्तियों पर पाकिस्तानी आतंकवादियों को रसद, खुफिया जानकारी, या अन्य सहायता प्रदान करने का आरोप है। सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों का स्पष्ट मानना है कि अब समय आ गया है जब आस्तीन के सांपों की भी पहचान कर उनका भी हिसाब किताब किया जाए। उन्होंने इस बात को माना कि स्थानीय निवासी डर के साये में आतंकियों की मदद करने को अभिशप्त हैं लेकिन कहीं न कहीं वे ऐसा कर देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं तो जाहिर है कानून के हिसाब से उनकी सर्जा मुकर्रर होनी ही चाहिए। सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद आदिल रहमान डेंटू (21), मोहम्मद आसिफ अहमद शेख (28), मोहम्मद अहसान अहमद शेख (23), मोहम्मद हारिस नजीर (20), मोहम्मद आमिर नजीर सहित 14 कश्मीरियों की पहचान की गई है। सूत्रों ने जांच के आधार पर दावा किया कि सभी संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, और हिजबुल मुजाहिद्दीन जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े हो सकते हैं। विस्तृत जांच जारी है। मगर, शुरूआती जांच में ये बात सामने आई है कि कश्मीर के युवाओं को आतंकी ब्रेन वॉश अपने जाल में फंसाकर उनकी जिंदगी तबाह कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि हिंदुओं की नृशंस हत्या में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीन पाकिस्तानी संदिग्धों के स्केच जारी किए हैं, उनके नाम, उपनाम के साथ रिकार्ड किये गये हैं उनमें आसिफ फौजी (कोड नामः मूसा), सुलेमान शाह (कोड नामः यूनुस), अबू तल्हा (कोड नामः आसिफ) इनका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है, और ये पहले पुंछ क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि हमले में चार आतंकी शामिल थे, जिनमें से दो की पहचान आदिल गुरी और आसिफ शेख के रूप में हुई है। आदिल गुरी 2018 में पाकिस्तान से लौटा था। एनआईए ने 23 अप्रैल को घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू की। डिजिटल सबूतों से पता चला कि हमलावर मुजफ्फराबाद और कराची के सेफ हाउस से संपर्क में थे, जो आईएसआई की भूमिका की ओर इशारा करता है। आतंकी हमले के बाद 1450 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनसे ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क की पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है। गृहमंत्रालय के आला अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों की जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम और गुमनामी का आश्वासन दिया है।

भारतीय नौसेना ने...

गया। नौसेना की इस एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया है। रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समृद्धी हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं।

आईएनएस सूरत, दुश्मन की मिसाइल को हवा में नष्ट करने की क्षमता से है लैस: पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर ही भारत ने अपने शत्रुओं को एक सख्त संदेश देते हुए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण किया था। यह मिसाइल परीक्षण भारतीय नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर आईएनएस सूरत पर अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। नौसेना के मुताबिक इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की। नौसेना का यह विध्वंसक दुश्मन की मिसाइल को हवा में ही नष्ट करने की क्षमता से लैस है।

पाकिस्तानी सेना बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही: आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिलाया हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तानी सेना बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए अपनी चौकियों से फायरिंग कर रही है। 26-27 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया है।

आतंकियों और ...

की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

12 लोगों की मौत...

मौके पर पहुंच गए। जिला अस्पताल से ऑक्सीजन सिलेंडर भी मौके पर भिजवाए गए ताकि फंसे हुए लोगों को राहत दी जा सके। हादसा जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा-टकरावत फंटे पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। घायलों को बचाने के लिए कुएं में उतरे दौरवादी निवासी मनोहरसिंह नामक युवक की भी गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई। बाइक सवार गोबर सिंह, निवासी आबाखेड़ी की मौके पर मौत की पुष्टि हो चुकी है।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने की घोषणा

शहीदों के परिवारों को चार महीने का वेतन देंगे' मंत्री इरफान अंसारी

एजेंसी ▶▶ रांची

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के परिवारों के लिए अब झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी आगे आ चुके हैं। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए यह घोषणा की है कि शहीदों के परिवारों को वे अपना चार महीने का वेतन सौंपेंगे।

कश्मीर में हुए आतंकी हमले से देश स्तब्ध है और लोग हमले में मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। तमाम राजनीतिक दलों द्वारा आक्रोश मार्च और विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वहीं झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा की गई यह घोषणा चर्चा का विषय बन गई है। मंत्री ने इंसानियत के नाते यह कदम उठाया है और कहा कि वह शहीदों के परिवारों के साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे शहीदों के परिवारों को अपना चार महीने का वेतन सौंपेंगे। अंसारी ने कहा कि यह दुख की घड़ी है और इस समय हमें एकजुट होकर पाकिस्तान को

मुंहतोड़ जवाब देना होगा। राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र सरकार को अब पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे। केंद्र सरकार और खुफिया तंत्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि खूबसूरत कश्मीर में जो भयावह स्थिति उत्पन्न हुई, उसमें केंद्र सरकार और खुफिया तंत्रों की नाकामी उजागर हुई। भारतीय नागरिक अपने परिवार के साथ कश्मीर पहुंचे थे लेकिन सुरक्षा की कमी के कारण उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। अगर वहां सेना मौजूद होती, तो यह घटना नहीं होती।

मौसम ने ली करवट

तेज आंधी और बूंदाबांदी के बीच कई पेड़ धराशायी, बिजली गिरने से किशोरी की मौत

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी के अयोध्या में कई इलाकों में रविवार को सुबह से ही मौसम अचानक बदल गया। धूल भरी तेज आंधी और बूंदाबांदी के बीच कई स्थानों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। बिजली के तार टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। वहीं एक जगह बिजली गिरने से किशोरी की मौत हो गई है। जिले के अलग-अलग इलाकों में मौसम का बदलाव देखने को मिला। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली। इसके चलते पेड़ और उनकी शाखाएं टूट कर गिर गईं। खेतों में काटकर रखे गए गेहूं के गट्ठर उड़ गए। इससे किसानों को नुकसान हुआ है।

बीकापुर के हैदरगंज क्षेत्र के पूरे मनोहर बेरूगंज गांव में बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोरी वैष्णवी की मौत हो गई। वह गेहूं के खेत में मड़ाई करने गई थी। इसी दौरान तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गई। खेत में मौजूद अन्य

लोग बाल-बाल बच गए। किशोरी के परिवार में कोहराम मच गया।

लोगों को गर्मी से निजात मिली

हैदरगंज थानाध्यक्ष विवेक राय मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बीच दोपहर 12:00 के बाद शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर धूल भरी आंधी आई। थोड़ी बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि यह कुछ ही देर में थम गई। आसमान में अभी भी बादल छाए हुए हैं। हवा चलने से मौसम खुशनुमा है। तापमान में गिरावट आ गई है। लोगों को गर्मी से निजात मिल गई है।

फेंके टायर, चौकी प्रभारी निलंबित

सांसद सुमन के काफिले पर हमला करणी सेना ने दिखाए काले झंडे

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

अलीगढ़ से होकर निकल रहे सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले को विरोध का सामना करना पड़ा। काफिले को करणी सेना व क्षत्रिय समाज ने काले झंडे दिखाए और टायर भी फेंके गए। पुलिस-प्रशासन ने काफिले को रोका और रामजी लाल सुमन को वापस कर दिया।

बुलंदशहर के कोतवाली देहात अंतर्ग गांव सुनहेरा में 21 अप्रैल की रात दबंगों ने काले रंग की थार से दलित समाज के चार लोगों को कुचल दिया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल काले रंग की थार को भी बरामद कर

लिया था। रामजी लाल सुमन ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल के साथ सुनेहरा जानकारी करने जा रहा था। रामजी लाल सुमन का काफिला बुलंदशहर के लिए निकला। अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जैसे ही पता चला कि रामजी लाल सुमन का काफिला अलीगढ़ से जा रहा है, तभी उसका विरोध करने की प्लानिंग बना ली गई। ऐसा ही हुआ, जैसे ही काफिला अलीगढ़ से गुजरा तो करणी सेना और क्षत्रिय समाज के लोगों ने रामजी लाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी, विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

आपस में भिड़ गईं काफिले की गाड़ियां

लोधा थाना क्षेत्र के खेरेश्वर चौराहे पर दोपहर 2 बजे के लगभग सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का काफिला पहुंचा। वहां करणी सेना के कार्यकर्ताओं को देख काफिले में हड़बड़ी मच गई, जिससे काफिले की पांच गाड़ियां आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं। काफिले में सवार कई कार्यकर्ता घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल व निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में एडवोकेट ब्रज मोहन रही, एडवोकेट लल्लन बाबू, वीरपाल सिंह ,सत्यपाल सिंह, सुरेश नेत्रपाल, पूरनचंद सहित अन्य लोग हैं।

मैडम तुसाद संग्रहालय की शोभा बढ़ाएंगे राम चरण...

मुंबई। साउथ अभिनेता राम चरण की मोम की प्रतिमा सिंगापुर के मैडम तुसाद संग्रहालय में लगाई जाएगी। अभिनेता टॉलीवुड के चौथे सितारे होंगे, जिनकी मोम की प्रतिमा इस प्रसिद्ध संग्रहालय में लगाई जाएगी। पहले यह घोषणा की गई थी कि अभिनेता राम चरण के प्रिय पेट डॉग राइम का मोम का पुतला लंदन के मैडम तुसाद संग्रहालय में उनके मोम के पुतले के साथ ही लॉन्च किया जाएगा। अब उनके वैक्स स्टैच्यू के लॉन्च की तारीख भी सामने आ गई है। पिछले साल अबू धाबी में आयोजित आइफा अवार्ड्स के दौरान इस सम्मान का परिचय देने के लिए एक विशेष वीडियो दिखाया गया था।

हॉलीवुड मसाला

ज्वेलरी चोरी मामले में संदिग्ध
मांगेगा माफी

लॉस एंजिल्स। किम कार्दशियन के साथ हुई डकैती में 10 लोग शामिल थे, जिन पर सशस्त्र डकैती और अपहरण जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्हीं में से एक ने कहा है कि वह पेरिस ट्रायल के समय माफी मांगेगा। 2016 में किम कार्दशियन के साथ पेरिस में हुई सशस्त्र डकैती के एक संदिग्ध, 71 साल के यूनिस अब्बास ने कहा है कि वह सोमवार से शुरू होने वाले पेरिस ट्रायल के मुकदमे में अपनी गलती स्वीकार करेगा और माफी मांगेगा। अब्बास ने कहा, 'मैं ईमानदारी से माफी मांगूंगा।' पेरिस फैशन वीक के दौरान किम कार्दशियन जिस अपार्टमेंट में रुकी थीं।

लाइफ Style

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरे बॉलीवुड ने आलोचना की और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हमले से प्रभावित हुए लोगों के लिए सरकार से मदद मांगी। उन्होंने पीड़ितों द्वारा मानसिक आघात का सामने किए जाने पर प्रकाश डाला।

कृति
मेंटल हेल्थ के लिए सरकार से की ये अपील

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री ने पहलगाम हमले से प्रभावित परिवारों के लिए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा, 'कुछ विचार हैं, जो मेरे दिल को भारी कर रहे हैं। मैं उन्हें साझा करने के लिए बाध्य महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री ने पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के वास्तविक संघर्षों के बारे में बात की। उन्होंने मेंटल हेल्थ पेशेवरों से पीड़ितों की सहायता के लिए आग्रह किया। अभिनेत्री ने अपनी स्टोरी में लिखा, 'मैं हमारी सरकार, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, गैर सरकारी संगठनों और भावनात्मक उपचार के क्षेत्र में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति से आग्रह करती हूं। कृपया इन परिवारों तक तक पहुंचें। जो चले गए वो चले गए, लेकिन जो अभी भी यहां हैं, उन्हें हमारी जरूरत है। वो कभी ठीक नहीं हो सकते हैं। उन्हें इससे निपटने में मदद की जा सकती है।' अभिनेत्री ने अपनी इस पोस्ट में जोर देते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है।' अभिनेत्री ने कहा, 'यह किसी आस्था का काम नहीं है, बल्कि व्यक्तियों का काम है- एक विकृत, कायर मानसिकता का। लोगों पर उनके सबसे कमजोर समय में हमला करने के लिए क्रूरता के अलावा और कुछ नहीं चाहिए।



'सितारे जमीन पर' 20 जून को देगी दस्तक

मुंबई। अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। आमिर ने ये कंफर्म किया कि 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वहीं, फिल्म के मुख्य विषय के बारे में बात करते हुए आमिर ने कहा कि यह कई मायनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में है। आमिर के इस खुलासे के बाद अब दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2007 में आई आमिर खान द्वारा निर्देशित 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी बताई जा रही है। 'तारे जमीन पर'में डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे के संघर्ष को संवेदनशील तरीके से दिखाया गया था।

टेबल टेनिस खिलाड़ी की भूमिका में...

मुंबई। फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में सभी का दिल जीत चुके विक्की कौशल अब जल्द ही एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे, जो लोगों के बीच पहले से ही मशहूर है। दरअसल, विक्की टेबल टेनिस खिलाड़ी की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाकर खूब वाहवाही बटोर चुके विक्की कौशल मे इस फिल्म के अलावा 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में भी वास्तविक किरदार निभाए हैं। अब, मशहूर टेबल टेनिस खिलाड़ी और ओलंपियन शरत कमल ने अपनी बायोपिक में विक्की कौशल को देखने की इच्छा जताई है। शरत कमल ने कहा कि वह अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को देखना पसंद करेंगे।

जस्टिन बीबर पर टूटा दुखों का पहाड़...

लॉस एंजिल्स। कैनेडियन पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उनके नाना बूस डेल का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जाता है कि जस्टिन पहले से ही हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाल ही में उनके कुछ वीडियोज वायरल हुए थे, जिसमें उनका बर्ताव देखकर उनके फैंस हैरान-परेशान हो गए थे। वाइफ हैली बीबर संग उनके रिश्ते में अनबन और तनाव की अफवाह भी उड़ी थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत नाना को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'पापा, मैं हमेशा आपके सारे पैसे ले लेता था। मुझे याद है कि आपने मुझे खास तौर पर बताया था कि नानी ने आपको हफ्ते के लिए 20 डॉलर का भत्ता दिया था! मैं हमेशा आपको शुक्रवार की रात हॉकी खेल के दौरान स्नैक्स पर खर्च करने के लिए मनाता था।

टीवी मसाला

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएगा नया ट्विस्ट

नई दिल्ली। लंबे समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता में फैंस को चौथी पीढ़ी देखने को मिल रही है। जहां अभीरा और अरमान के किरदार में समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित की कैमेस्ट्री पसंद आ रही है तो वहीं लोगों का ध्यान सीरियल की कहानी पर जा रहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के लेटेस्ट एपिसोड में पोद्दार परिवार कावेरी का बर्थडे सेलिब्रेट करता हुआ नजर आता है। जबकि अभीरा और अरमान जश्न में शामिल होते हैं। हालांकि, पूरा परिवार जान जाते हैं कि अभीर और चारू एक दूसरे को पसंद करते हैं, जिसके चलते शो के मेकर्स ने नया ट्विस्ट लाने का फैसला किया है। अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अरमान, विद्या से वादा करेगा कि अगर अभीर और कियारा अलग हो गए तो वे गोयनका से रिश्ता तोड़ देंगे। जबकि, दूसरी तरफ अभीर और अरमान के बीच एक और तीखी बहस देखने को मिलेगी। दरअसल, अभीर और कियारा को अभीरा तलाक लेने की सलाह देगी। हालांकि, कियारा ऐसा करने से मना कर देगी और अपने रिश्ते को एक और मौका देने की बात कहेगी। इससे अभीर और चारू हैरान रह जाएंगे। वहीं, अभीर कियारा के फैसले पर सवाल उठाएगा और कहेगा कि वह क्यों उस इंसान के साथ रहना चाहती है, जो किसी और से प्यार करता है। दूसरी तरफ मनीष माफी मांगता है। जबकि मनोज कहता है कि अगर अभीर सच में चारू को पसंद करता है तो वह घर आ सकती है।

माधुरी के गाने पर 9 आंटियों ने किया डांस

नई दिल्ली। बॉलीवुड की धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का हर कोई दीवाना है। वहीं, उनके गाने एक दो तीन से लेकर चने के खेत में को फैंस का खूब प्यार मिलता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के शो डांस दीवाने का है। वीडियो में नौ मांएं एक्ट्रेस को उनके अब तक फिल्मों में दिए किरदार को कॉपी करते हुए डांस परफॉर्मेंस देती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो को देखते ही फैंस भी दिल हार बैठे हैं। वहीं फैंस शानदार कहते हुए नजर आ रहे हैं। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो शेयर किया गया था, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के 57वें बर्थडे स्पेशल एपिसोड था। इसमें भारती सिंह को हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। जबकि माधुरी स्टेज पर आकर नौ माओं के साथ परफॉर्म करती हैं।

वीकएंड पर 'ग्राउंड जीरो' ने हासिल की बढ़त, 'केसरी 2' ने लगाई छलांग

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो'ने बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को बढ़त हासिल की। बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी कहती इस फिल्म को सोशल मीडिया पर भी काफी प्यार मिल रहा है। वहीं, अक्षय कुमार की 'केसरी 2' ने वीकएंड पर अच्छी बढ़त हासिल की है। सनी देओल की 'जाट'को भी छुट्टी का लाभ मिला है।

ग्राउंड जीरो : ग्राउंड जीरो' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की कहानी दुर्दांत आतंकवादी 'गाजी बाबा' के खात्मे की कहानी दिखाती है। पहले दिन इसने महज 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शनिवार को इसने 1.9 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म की दो दिनों में कुल कमाई 3.05 करोड़ रुपए हो गई है। फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई तम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना और गुनीत सिंह जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

केसरी 2 : अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 'केसरी 2' ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने सात करोड़ रुपये बटोरें। शुक्रवार को इसने 50 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। 'केसरी 2' ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। पहले सप्ताह में इसने 46.1 करोड़ तक का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी शुक्रवार को 4.42 करोड़ की कमाई करते हुए इसने 50.52 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया। अब शनिवार को आए उछाल की बदौलत इसने 57.15 करोड़ रुपए बटोरे हैं। फिल्म का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

जाट : सनी देओल की 'जाट'ने भी शनिवार को कमाई में बढ़त हासिल की। फिल्म ने 1.36 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस से जोड़े। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कमाई लाख के आंकड़े में थी। हालांकि सनी देओल की 'जाट' को रिलीज हुए 17 दिन हो गए। फिल्म अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा छू नहीं पाई है।

इस वजह से साथी कलाकार को मौसमी चटर्जी ने मारा था थप्पड़, हाथ से निकलीं कई फिल्में...

नई दिल्ली। मौसमी चटर्जी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह हमेशा मुखर रहीं और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करती हैं। अगर कोई पुरुष कलाकार सीमा लांघता तो वह उस पर भड़क जाती थीं। बात हद से ज्यादा बढ़ जाती थी तो वह थप्पड़ तक मार देती थीं। हालांकि, अपनी बेबाकी के लिए उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने इस बारे में बात की। उन्होंने बताया बेबाक होने की वजह से उनके हाथ से कई फिल्में निकल गईं।

पुरुष करते थे फ्लर्ट

सुभाष के झा के साथ बातचीत में मौसमी चटर्जी ने बताया कि वह हद से ज्यादा बढ़ने वाले अभिनेता को थप्पड़ मार चुकी हैं। उन्होंने कहा 'वह इसी के लायक थे। वह सेक्सीस्ट थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोष नहीं देती। आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो-हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे और वे उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसा ही करें। यही तरीका था, जो वे जानते थे। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। पुरुषों को उनकी मां लाड़-प्यार करके बड़ा करती हैं, फिर उनकी पत्नियां और बहनें भी उन्हें लाड़-प्यार करती हैं।'

बड़े कलाकारों के साथ किया काम

आपको बता दें कि मौसमी चटर्जी ने साल 1967 में 'बालिका वधू' फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह 'अनुराग' में नजर आईं। मौसमी ने अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, राजेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया।

हाथ से निकल गए कई रोल

मौसमी चटर्जी ने बताया कि समझौता न करने की वजह से उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। उनसे पूछा गया कि फिल्म 'कोशिश' में उनकी जगह पर जया बच्चन को क्यों लिया गया? इस पर उन्होंने कहा 'इसकी वजह यह थी कि मैं अपनी गरिमा से समझौता नहीं करती, चाहे कुछ भी हो। वह बीते वक्त की बात है। बाद में गुलजार और मेरे बीच सुलह हो गई थी। कई साल बाद 'अंगूर' में साथ काम किया। हरिभाई (संजीव कुमार) 'कोशिश' और 'अंगूर' में भी मेरे हीरो थे। मैंने कई रोल खो दिए थे, क्योंकि मैं किसी के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर सकती।'

बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की दी है प्रेरणा

इन फिल्मों को देखकर लोगों को मिला अपराध का आइडिया

नई दिल्ली। एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर धोखे से एक बड़ी कंपनी में नौकरी पाने में कामयाब हो गया। वर्चुअल इंटरव्यू में किसी और को अपनी जगह बैठाकर उसने नौकरी तो पा ली, लेकिन कुछ समय बाद ही उसका भांडा फूट गया। यह कहानी फिल्म ड्रैगन जैसी लगती है, लेकिन आपसे कहा जाए कि असल जीवन में ऐसी घटना हो चुकी है तो आप क्या कहेंगे? तेलंगाना के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर रापा साई प्रशांत को इस फिल्म ने इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा ही करने की ठान ली। हालांकि, उसका यह कारनामा 15 दिनों में कंपनी के सामने आ गया। दरअसल, कंपनी में काम शुरू करने के बाद सहकर्मियों को शक हुआ, क्योंकि प्रशांत की आवाज इंटरव्यू वाले व्यक्ति से अलग थी। इंटरव्यू में वह धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल रहा था, लेकिन ऑफिस में उसे बेसिक बातचीत में भी दिक्कत हो रही थी। कंपनी के एचआर विभाग ने जांच शुरू की और वर्चुअल इंटरव्यू के स्क्रीनशॉट को प्रशांत की असली तस्वीरों से मिलाया। तब पता चला कि इंटरव्यू में कोई और था। इस मामले में युवक पर केस दर्ज हो चुका है। प्रशांत का यह कारनामा अकेला नहीं है। बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है। आइए, उन फिल्मों और उनसे जुड़ी वास्तविक घटनाओं को विस्तार से जानते हैं।

डर : इस फिल्म में शाहरुख खान एक सनकी प्रेमी, राहुल मेहरा, की भूमिका में नजर आए थे, जो अपने एकतरफा प्यार को पाने के लिए किरण (जूही चावला) का पीछा करता है। वह न केवल उसका अपहरण करने की कोशिश करता है, बल्कि हिंसा और धमकियों का सहारा लेता है। इस किरदार की सनक ने दिल्ली के एक युवक को इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा करना शुरू कर दिया। उसने स्नैपडील में काम करने वाली एक लड़की का एक साल तक पीछा किया। वह उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता था। आखिरकार, उसने लड़की का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते पकड़ लिया।

हिंदी मीडियम : इरफान खान की इस फिल्म में एक परिवार अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को झूठा दिखाता है। 2013 में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां एक परिवार ने फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाया। उन्होंने दिखाया कि वे झुग्गी में रहते हैं और उनकी सालाना आय 67 हजार रुपये है, जबकि हकीकत में वे करोड़ों कमा रहे थे।



स्पेशल 26 : अक्षय कुमार की यह फिल्म 1987 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जहां नकली सीबीआई अधिकारी बनकर एक व्यापारी से 35 लाख रुपए लूटे गए। फिल्म रिलीज के बाद मुंबई में 2013 में एक ऐसा ही मामला सामने आया। कुछ लोग नकली अधिकारी बनकर कारोबारियों पर छापे मारकर 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।

धूम : इस एक्शन फिल्म ने सुपरबाइक्स को भारत में लोकप्रिय बनाया। हालांकि, फिल्म में जॉन अब्राहम और उनके गिरोह द्वारा कसीनो की दीवार तोड़कर लूट का दृश्य कई अपराधियों को भा गया। केरल में एक गिरोह ने शोरूम की दीवार तोड़कर 8 करोड़ रुपए की चोरी की जो धूम की शैली से मिलती-जुलती थी।

बंटी और बबली : *अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की यह फिल्म दो ठगों की कहानी है, जो चालाकी से लोगों को लूटकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीते हैं। इस फिल्म से प्रेरित होकर दिल्ली में एक जोड़े ने 2013 में ठगी का धंधा शुरू किया। वे लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसे लूटते और फरार हो जाते। पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो उन्होंने बंटी और बबली से प्रेरणा लेने की बात कबूली।*



दृश्यम : *अजय देवगन की यह थ्रिलर फिल्म एक ऐसी कहानी है, जहां एक आम आदमी अपनी बेटी और पत्नी द्वारा की गई हत्या को चतुराई से छिपाता है। उसकी योजना इतनी सटीक है कि पुलिस को मनक तक नहीं लगती। इंदौर में एक राजनेता ने इस फिल्म की नकल करने की कोशिश की। उसने एक लड़की की हत्या की और पुलिस को चकमा देने के लिए अपने घर के पीछे एक कुत्ते के बच्चे को मारकर सबूत छिपाने की कोशिश की। लेकिन, उसका अपराध जांच में सामने आ गया।*

प्रदेश के 10 हजार पुलिसकर्मियों का अटक सकता है वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वित्त विभाग के अल्टीमेटम के बाद पीएचक्यू ने तत्काल समग्र आईडी को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए कहा

मप्र के लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों का वेतन अटक सकता है। इसका कारण है इन पुलिसकर्मियों की ट्रेजरी के पोर्टल पर समग्र आईडी लिंक न होना। इसे लेकर वित्त विभाग ने पुलिस महकमे समेत सभी विभागों को अल्टीमेटम दे दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिन भी पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी वित्त विभाग के एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) पोर्टल पर लिंक नहीं होगी, उनका वेतन जारी नहीं होगा।

इसके बाद पीएचक्यू के निर्देश पर पुलिस की सभी 119 यूनिटों ने अपने यहां तैनात उन सभी स्टाफ को नोटिस जारी कर तत्काल समग्र आईडी को आईएफएमआईएस पोर्टल पर अपडेट कराने को कहा है। इस काम के लिए कई जिलों में एसपी ऑफिस और बटालियन में स्पेशल विंडो भी बना दिए गए हैं।

कई पुलिसकर्मियों के आधार और समग्र आईडी का नहीं हो रहा मिलान

अधिकांश पुलिसकर्मियों के पास समग्र आईडी है, लेकिन एक बड़ी समस्या यह भी आ रही है कि पोर्टल पर इसे लिंक करने के लिए आधार के विवरण से इसका पूरी तरह मिलान होना जरूरी है। प्रदेश में सैकड़ों ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनका आधार और समग्र मैच नहीं हो रहा है। हालांकि कई पुलिसकर्मियों ने वेतन अटकने के डर से तत्काल आधार और समग्र में बदलाव के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन इसमें एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। ऐसे में अब पुलिसकर्मी परेशान हैं। हालांकि वित्त विभाग ने इसे लेकर कई बार गृह विभाग को पत्र और रिमाइंडर भेजे थे, लेकिन निचले स्तर के पुलिस कर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब वित्त विभाग ने अल्टीमेटम देते हुए साफ कर दिया है कि जिस भी पुलिसकर्मी की समग्र आईडी पोर्टल पर अपडेट नहीं होगी, उसका वेतन ही जारी नहीं होगा। इसी तरह के पत्र अन्य विभागों को भी जारी किए गए हैं लेकिन पुलिस के पास एक लाख 5 हजार के लगभग स्टाफ हैं, जिसमें से अब भी लगभग 10 हजार कर्मी समग्र आईडी लिंक नहीं हो पाई है।

समग्र और आधार का मैच होना अनिवार्य, यही बन रहा दिक्कत

20 हजार पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी अपडेट

अपने पत्र के साथ वित्त विभाग ने एक फाइल भी अटेच करके विभागों को भेजी है। इसके तहत ये बताया गया है कि 3 मार्च 2025 की स्थिति में गृह विभाग के केवल 72305 कर्मचारियों ने ही अपनी समग्र आईडी ट्रेजरी के पोर्टल पर लिंक कराई है। हालांकि अब पीएचक्यू के अफसरों का दावा है कि शेष बचे लगभग 30 हजार स्टाफ में से 20 हजार की समग्र आईडी इस माह के अंत तक पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट कर दी जाएगी। इसके बाद भी लगभग 10 हजार पुलिसकर्मी ऐसे होंगे, जिनका समग्र आईडी लिंक होना बाकी रह सकती है। इन कर्मचारियों का अप्रैल माह का वेतन रोका जा सकता ह।

एमपी-सीजी में पदस्थ 27 आयकर अफसरों के तबादले

अति. आयकर निदेशक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल पदस्थ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयकर विभाग के एमपी सीजी सर्किल के नए प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर नवरतन सोनी के कामकाज संभालने के हफ्ते भर के भीतर ही विभाग में पदस्थ 27 अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा 13 अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इन सभी अधिकारियों को 9 मई तक अपनी नई पदस्थापना का चार्ज संभालने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

गुंजन वार्ष्णेय, गार्गी चौहान, आलोक भूरा की नई पदस्थापना

ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार अतिरिक्त आयकर निदेशक अभिषेक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल, आलोक भूरा को जॉइंट कमिश्नर रेंज 2 से जबलपुर से जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल 2 जबलपुर, भरत देवराज सेगांवकर जॉइंट कमिश्नर जबलपुर से डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन रायपुर, बिपिन अहिरवार एडिशनल कमिश्नर सेंट्रल रायपुर को एडिशनल कमिश्नर रायपुर, धर्मेंद्र सिंह को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर रायपुर, गार्गी चौहान को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से ज्वॉइंट कमिश्नर आडिट भोपाल पदस्थ किया गया है।

आयकर विभाग के आदेश के मुताबिक अब तक भोपाल में एडिशनल कमिश्नर टेक्निकल विंग की जिम्मेदारी संभाल रहीं गुंजन वार्ष्णेय को अब एडिशनल कमिश्नर एडमिन एंड टीपीएस विंग पीसीसीआईटी दफ्तर में पदस्थ किया गया है। कपिल कपूर जॉइंट कमिश्नर उच्जैन को उच्जैन ऑडिट यूनिट से बिलासपुर ऑडिट यूनिट, कुणाल किशोर को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर, मौसमी मित्रा को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर भिलाई रायपुर, मुनमुन शर्मा एडिशनल डायरेक्टर टैक्स को डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन इंदौर, नरेंद्र मोलई प्रसाद जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर को बिलासपुर भेजा गया है। आदेश के अनुसार पायल प्रकाश को डीजीआईटी इन्वेस्टिगेशन भोपाल विंग और प्रदुमन मीना को जॉइंट कमिश्नर रेंज 4 भोपाल, राहुल पढ़ा को ज्वॉइंट कमिश्नर जबलपुर, एडिशनल कमिश्नर राजेश कुमार मीना को डीजी इन्वेस्टिगेशन इंदौर, रमाकांत प्रधान को ज्वॉइंट कमिश्नर जबलपुर, रमेश कुमार शर्मा को जॉइंट कमिश्नर बिलासपुर ट्रांसफर किया गया है। आदेश के मुताबिक एस भुवनेश्वरी अब ज्वॉइंट डायरेक्टर भोपाल, एसजी मून ज्वॉइंट कमिश्नर छिंदवाड़ा, संदीप आहूजा ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर, संजय कुमार पांडे जॉइंट कमिश्नर भोपाल, संजीव एच भगत ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर, सौरभ कुमार शर्मा ज्वॉइंट कमिश्नर भोपाल, शशिकांत कुशवाहा एडिशनल कमिश्नर भोपाल, तरन्नुम वर्मा ज्वॉइंट कमिश्नर भिलाई और विजित पटेल ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर के पद पर पदस्थ किए गए हैं।

13 अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

आलोक भूरा जॉइंट कमिश्नर को जॉइंट कमिश्नर अडिट जबलपुर, बाला मुरली कृष्ण कोर्रापति को उच्जैन, गार्गी चौहान को इटारसी, गुंजन वार्ष्णेय को एडिशनल कमिश्नर प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर भोपाल, कुणाल किशोर को ग्वालियर, राहुल पढ़ा को जबलपुर, रमाकांता प्रधान को सागर, रत्नेश कुमार शर्मा को कोरबा के एडिशनल कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर का एडिशनल चार्ज सौंपा है। इनके अलावा एससी मून को कटनी, संदीप आहूजा को उच्जैन, संजीव एच भगत को खंडवा, तरन्नुम वर्मा को रायपुर में जॉइंट कमिश्नर पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

खबर संक्षेप

कोलार और बैरागढ़ तहसील में एसडीएम के कार्यों का विभाजन

भोपाल। कोलार तहसील और बैरागढ़ तहसील में एसडीएम के कार्यों का विभाजन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर आदित्य जैन को एसडीएम बैरागढ़ से हटाकर कोलार तहसील का जिम्मा सौंपा गया है। जबकि कोलार एसडीएम रविशंकर राय को बैरागढ़ पदस्थ किया गया है। सूत्रों के अनुसार कोलार तहसील में काम को लेकर लगातार शिकायतें मिल रहीं थी कि लोगों की सुनवाई नहीं की जा रही है। हालांकि एसडीएम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था कि प्रकरणों का निराकरण त्वरित किया जाए। स्थिति में सुधार नहीं होने की वजह से अधिकारियों के कार्य में परिवर्तन किया गया है।

29 को मुख्यमंत्री करेंगे लीप ई-पोर्टल का शुभारंभ

भोपाल। सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संगठन लघु उद्योग भारती, मप्र अपने 32वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 29 अप्रैल को ग्लोबल स्किल पार्क, इंद्रपुरी, भोपाल में होगा। इस अवसर पर लीप ई-पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा तथा नवीन एमएसएमई नीति 2025 की जानकारी उद्यमियों को प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, मंत्री चैतन्य कश्यप द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मौजूद रहेंगे।

विकसित भारत की संकल्पना में युवा वैज्ञानिक महत्वपूर्ण

भोपाल। भारतवर्ष देश की युवा प्रतिभाओं के शोध और नवाचार के आधार पर आगामी समय में विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा। उक्त विचार तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नॉलेज रिसोर्स सेंटर में सृजन के लिए आए हुए मॉडल एवं प्रोजेक्ट को चयन करने वाली ज्यूरी को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सभी ज्यूरी सदस्यों को शिक्षाविद डॉ. धर्मपाल का प्रेरणादायी साहित्य एवं पुष्प देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवि के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी और कुलसचिव प्रो. मोहन सेन सहित सृजन की आयोजन समिति के सदस्य, ज्यूरी मेम्बर और प्रोफेसर्स उपस्थित रहे।

विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल। शिक्षकों और विद्यार्थियों में बौद्धिक संपदा अधिकार और इसकी उपयोगिता के संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए शनिवार को मेपकास्ट ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. अजय चौबे, शैलेन्द्र कसेरा ने बौद्धिक संपदा के विविध पहलुओं जैसे कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क की गहन जानकारी दी। उन्होंने रोचक उदाहरणों से यह समझाया कि कैसे विद्यार्थी नवाचार और मौलिक रचनाओं से पेटेंट प्राप्त कर सकते हैं और इससे आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकते हैं।

प्रदेश में अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए एआई पर आधारित मानव-रहित 41 चेक-गेट होंगे स्थापित

अब मप्र में अर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस से होगी अवैध खनन की 'निगरानी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश की 7502 खदानों की हुई जियो टेगिंग

मप्र में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के तहत प्रदेश की समस्त स्वीकृत 7502 खदानों की जियो टेगिंग कर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया जा चुका है। सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रणाली खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। इसके तहत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सेटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम से राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजे जाएंगे।

क्षेत्रीय अमले की ओर से मोबाइल एप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल एप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की परियोजना भी प्रक्रियाधीन है।

सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता लेंगे

विभिन्न प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया जा रहा

नवीन पोर्टल ई-खनिज 2.0 सुशासन से एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत विभिन्न प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया जा रहा है। नवीन पोर्टल ई-खनिज 2.0 को सिंगल विण्डो से विभाग से संबंधित विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसके तहत आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने तथा इसके निराकरण के लिए ऑनलाइन व्यवस्था प्रदाय की जाएगी।

ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को किया जा चुका है लागू

प्रदेश के 55 जिलों में ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को लागू किया जा चुका है। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जानकारी एमआईएस रिपोर्ट के रूप में प्राप्त की जा रही है। ई-टीपी की व्यवस्था लागू होने से पट्टेदार की ओर से ऑनलाइन रॉयल्टी का भुगतान किया जा रहा है। इससे केशलैस ट्रॉन्जेक्शन की मंशा भी पूरी की गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज परिवहन किए जाने वाले वाहनों का ई-रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत विभिन्न आवेदनों को ऑनलाइन ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था लागू की गई है। विभागीय पोर्टल से खनिज अन्वेषण एवं खदानों की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जा रही है।

अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक एआई पर आधारितः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक एआई पर आधारित मानव-रहित चेक-गेट पूरे प्रदेश में स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 41 ऐसे स्थल चिन्हांकित किए गए हैं, जहां से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों का सर्वाधिक आगमन होता है। चेक-गेट स्थापित करने के लिए टेण्डर के माध्यम से रेल टेल कॉर्पोरेशन को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल के आस-पास 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित किए गए हैं। निगरानी के लिए राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला स्तर पर भोपाल एवं रायसेन में जिला स्तरीय कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है।

वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान

मप्र में अब ई-चेकगेट में वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान हैं। प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत विभाग की गतिविधियों को ऑनलाइन करने के लिए एनआईसी द्वारा वेब पोर्टल (ई-खनिज) बनाया गया है। ई-खनिज पोर्टल को परिवहन विभाग के पोर्टल के साथ लिंक किया गया है। इससे पट्टेदार, ट्रांसपोर्टर खनिज परिवहन करने के लिए ऑनलाइन वाहनों का रजिस्ट्रेशन ई-खनिज पोर्टल पर कर सकते हैं। डिजिटल इण्डिया के तहत विभाग की ओर से ई-खनिज पोर्टल से खनिजों के परिवहन के लिए ऑनलाइन परिवहन पारपत्र (ई-टीपी) की सेवाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत कोई भी पट्टेदार रॉयल्टी एवं अन्य राशि का भुगतान करने के बाद ई-टीपी प्राप्त कर सकता है। खनिजों के परिवहन में संलग्न वाहनों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का प्रावधान किया गया है।

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी की घटना

वैवाहिक कार्यक्रम से ठीक पहले युवती ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी में कविता (24) ने सगाई से एक दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी सगाई 28 अप्रैल को होनी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

करमंदी निवासी सालिक राम खेती-किसानी करते हैं। उनकी तीन बेटियों में कविता सबसे छोटी थी। बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह घर के कामकाज में सहयोग करती थी। रविवार दोपहर सगाई की तैयारियों के बीच सालिक और उसकी पत्नी घरेलू कार्यों में व्यस्त थे। कविता बाथरूम गई और वहां पाइप के एंगल में चुनरी से फांसी लगा ली।लंबे समय तक बाहर न आने पर मां को अनहोनी की आशंका हुई। खिड़की से देखने पर कविता फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मां की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, उसे फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दौड़ कुजुर ने बताया कि जर्रा मेडिकल कॉलेज से प्राप्त मेमो के आधार पर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। मर्ग कायम कर पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। घटना से गांव में मातम छाया हुआ है और आसपास के लोग स्तब्ध हैं।

कुनकुरी थाना क्षेत्र की घटना, मुखबिर की सूचना पर पकड़ाया आरोपी

युवती से पानी मांगकर रेप करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

कुनकुरी थाना क्षेत्र से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। एक युवती के साथ किराये के मकान में जबरन घुसकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने खुद एक ऐसा सुराग छोड़ा, जिससे पुलिस 24 घंटे के भीतर उसके गिरेबान तक पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे कुनकुरी थाने से मात्र 200 मीटर दूर एक युवती अपने किराये के मकान के बाहर टहल रही थी, तभी एक अनजान युवक ने उससे पानी मांगा। युवती ने मानवीयता दिखाते हुए पानी की बोतल दी, लेकिन युवक अचानक कमरे में घुस गया।

उसने दरवाजा बंद कर युवती का मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। एसडीओपी विनोद मंडावी और थाना प्रभारी राकेश यादव के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। युवती ने आरोपी को नहीं पहचाना, लेकिन उसका हुलिया बताया। पुलिस ने कुनकुरी के 15 वार्डों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। यहीं से पुलिस को सुराग मिल गया। एक

ब्लर फुटेज में हुलिए से मिलता-जुलता युवक दिखा। चेहरा साफ नहीं था, लेकिन चाल-ढाल से संदेह पुख्ता हुआ। मुखबिर से सूचना मिली कि आदर्श नगर कुनकुरी में एक युवक इस हुलिए से मेल खाता है। एएसआई ईश्वर वारले और मनोज साहू की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर उसे आदर्श नगर से हिरासत में लिया। पीड़िता ने आरोपी की शिनाख्त की और पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान अंकित खाखा (30) के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का विस्तार करें, जिससे वर्षा का जल संग्रहित कर सकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित किया जाए, जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संग्रहित किया जा सके। जल के संग्रहण से जहां एक ओर पेयजल स्त्रोत रिचार्ज हो सकेंगे, वहीं कृषि के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की भागीदारी से जिस प्रकार अभियान के तहत काम हो रहे हैं, उसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। उन्होंने वर्षा की एक-एक बूंद के संग्रहण के लिए समाज के सभी वर्गों से सहभागी बनने का आह्वान किया है।

होमगार्ड जवानों ने क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए किया श्रमदान

देवास के होम गार्ड की टीम ने ग्राम हिरली में क्षिप्रा नदी के किनारों पर सफाई अभियान चलाया। होम गार्ड टीम के साथ जनप्रतिनिधि, ग्रमीण, और स्कूली बच्चे भी जुटे और हिरली गांव के तटों से 40 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया। उज्जैन सिंहस्थ से पहले क्षिप्रा को शुद्ध बनाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।
छिंदवाड़ा में पानी बचाने के लिए नुक्कड़ नाटक जल गंगा संवर्धन अभियान में छिन्दवाड़ा में विकासखंड-मोहखेड़ के गांव खुनाझिर कलां में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। पंचायत परिसर में नवांकुर संस्था-प्रभात युवा विकास मंडल के अभिनेताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के बाद जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

मेहगांव में कुओं की मरम्मत कार्य का भूमिपूजन

भिण्ड में मंत्री राकेश शुक्ला ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मेहगांव में 55.63 लाख रुपए की लागत से वाटर बॉडी और कुओं की मरम्मत कार्य का भूमि-पूजन किया।

इसका उद्देश्य शिक्षा को और भी आकर्षक और प्रयोगात्मक बनाना, बच्चों की शिक्षा में साबित हो रहा मददगार

दंतेवाड़ा का विज्ञान केन्द्र अच्छी पहल 'मन की बात' में पीएम ने किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में स्थापित विज्ञान केंद्र में बच्चों को मिल रही अच्छी जानकारी का पीएम मोदी ने मन की बात में जिक्र किया है। बता दें कि दंतेवाड़ा में स्थापित साइंस सेंटर एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे स्कूल के बच्चों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में प्रेरित करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

इस साइंस सेंटर का निर्माण जिला परिषद की मदद से जिला कलेक्टर के नेतृत्व में किया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को और भी आकर्षक और प्रयोगात्मक बनाना है। इस साइंस सेंटर में अलग-अलग थीम वाले कमरे बनाए गए हैं, जो बच्चों को विभिन्न विषयों को गहराई से समझने में मदद करेंगे। ये कक्ष उनके अनुभवात्मक ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

ये हैं इसकी विशेषताएं

- . इंडस्ट्री रूम ह्न यहां बच्चे औद्योगिक विकास की समयरेखा के माध्यम से उद्योगों के विकास को समझ सकते हैं। इसमें एक 3डी प्रिंटिंग जोन भी होगा, जहां अलग-अलग प्रकार के तीन 3डी प्रिंटर होंगे। साथ ही, डॉग रोबोट, ह्यूमनॉइड रोबोट, स्पाइडर रोबोट, राइटिंग रोबोट और पाथ-गाइडेड इंडस्ट्री रोबोट्स भी होंगे प्रदर्शित।
- फिजिक्स रूम ह्न इस कमरे में बच्चे भौतिकी के मूल सिद्धांतों को हैंड्स-ऑन प्रयोगों के माध्यम से सीख सकेंगे।
- इमर्सिव रूम ह्न यह एक 360 डिग्री डिजिटल स्पेस होगा, जहां बच्चे वर्चुअल दुनिया का अनुभव ले सकेंगे।
- मिनीवर्ल्ड रूम ह्न इसमें एक 8x4 फीट का HO स्केल ट्रेन मिनिएचर सेट होगा, जिसमें गांव और शहर दोनों के दृश्य दर्शाए जाएंगे।
- हार्वेस्ट हब (फार्मिंग जोन) ह्न इसमें विभिन्न कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो किसानों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगा।

रोबो एरीना की खासियतें

यहां एक रोबो एरीना तैयार किया जा रहा है, जहां बच्चे अपने रोबोट बनाकर उनका रोबो वॉर करवा सकेंगे। यह एक रोमांचक और शैक्षिक गतिविधि होगी, जो बच्चों को रोबोटिक्स और ऑटोमेशन की दुनिया से परिचित कराएगी। इस परियोजना का कार्य हिडन लैम्प प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है, जो इसे एक आधुनिक और इंटरैक्टिव विज्ञान केंद्र बनाने के लिए कार्य कर रही है। यह साइंस सेंटर दंतेवाड़ा के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र बनेगा, जो उन्हें विज्ञान और तकनीक में रुचि बढ़ाने और नई तकनीकों से परिचित कराने में मदद करेगा।

चिंतन

अत्यधिक गरीबी में कमी सुखद, पर चुनौती बाकी

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहे भारत के लिए पहलगाम आतंकी घटना की पीड़ा के बीच गरीबी के मोर्चे पर सकारात्मक खबर आई है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच करीब दस वित्त वर्ष में भारत ने 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। गरीबी के खिलाफ भारत की यह बड़ी जीत है। सतत विकास व जनकल्याण योजनाओं के लगातार कार्यान्वयन से सरकार को अत्यधिक श्रेणी की गरीबी को कम करने में मदद मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी आई है, इससे पता लगता है कि देश में रोजगार से लेकर स्वरोजगार की स्थिति बेहतर हुई है और सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं का असर पड़ा है। विश्व बैक की इस रिपोर्ट के अनुसार अब भारत निम्न-मध्यम आय वर्ग के देशों में शुमार हो गया है। इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक की हालिया 'पोवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 से 2022-23 तक के दशक में अत्यधिक गरीबी 16.2 प्रतिशत से घटकर 2.3 फीसदी हो गई। अत्यधिक गरीबी को प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर (लगभग 172 रुपये) से कम आय के रूप में परिभाषित किया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4% से घटकर 2.8% हो गई और शहरी क्षेत्रों में 10.7% से 1.1% हो गई, जिससे ग्रामीण-शहरी अंतर 7.7 से 1.7 प्रतिशत अंक तक कम हो गया। ये 16 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट है। गावों और शहरों दोनों में अत्यधिक गरीबी में कमी आना दर्शाता है कि देश प्रगति पथ पर है। हालांकि अधिकांश राज्यों में गरीबी अभी भी बड़ी समस्या है, बेरोजगारी चिंता का विषय है, स्वरोजगार की स्थिति कमजोर है, कई राज्यों की वित्तीय स्थिति भी अच्छी नहीं है। लेकिन कुछेक राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश, 2011-12 में देश के 65% अत्यधिक गरीबों के लिए जिम्मेदार थे। इन राज्यों ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई कमी में योगदान दिया। हालांकि, ये राज्य अभी भी 54% अत्यधिक गरीब और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। अत्यधिक गरीबी कम होने में महिलाओं को मिले रोजगार की अहम भूमिका है। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। गरीबी पर नीति आयोग 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ। भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है। पिछले 9 सालों में 17.89% की कमी आई। यह आंकड़ा बेशक राहत देने वाला है, लेकिन अत्यधिक गरीबी और बहुआयामी गरीबी उन्मूलन की दिशा में अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। इसमें मनरेगा, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना जैसे रोजगारपरक कार्यक्रम को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। भारत के लिए लो मिडिल इनकम ग्रुप में से मध्यम मिडिल इनकम ग्रुप व हाई मिडिल इनकम ग्रुप के देशों में शामिल होने की चुनौती है। चूंकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है, इसलिए गरीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट



सुनील कुमार महला

अत्यधिक गरीबी उन्मूलन की दिशा में महती प्रगति

पहलगाम आतंकी हमले की बहुत ही दुखद खबर के बाद हाल ही में विश्व बैंक से एक अच्छी खबर आई है। यह खबर ग़रीबी उन्मूलन पर है। गरीबी वास्तव में एक बहुत बड़ी व ज्वलंत समस्या है। यदि हम यहां गरीबी की साधारण परिभाषा की बात करें तो बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन या संसाधनों की कमी होना, जैसे भोजन, कपड़े, और आवास ग़रीबी के अंतर्गत माना जाता है। ऐसी स्थितियों में एक आम आदमी को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता है। अमूमन गरीबी को तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है, जिनमें क्रमशः निरपेक्ष, सापेक्ष और बहु-आयामी गरीबी को मान सकते हैं। यदि निरपेक्ष गरीबी की बात करें तो एक निश्चित आय स्तर से नीचे होना इसमें आता है। वहीं सापेक्ष गरीबी समाज में अन्य लोगों की तुलना में गरीब होने को शामिल करती है तथा बहुआयामी गरीबी आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के अभाव को शामिल करती है। बहरहाल, अच्छी खबर यह है कि 10 साल में भारत के 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकले हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत ने वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 17 करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है और इस दौरान यह दर 16.2 प्रतिशत से घटकर मात्र 2.3 प्रतिशत ही रह गई है। तात्पर्य यह है कि भारत में 171 मिलियन लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर जहां 2.8 प्रतिशत रह गई है, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत से घटाकर 1.7 प्रतिशत रह गया है, जो सालाना 16 प्रतिशत की गिरावट है। दरअसल, 37.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा है और यह काबिले-तारीफ है कि भारत ग़रीबी उन्मूलन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। दरअसल,वर्ल्ड बैंक की हालिया 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत के पांच सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई की गिरावट में योगदान दिया है। हालांकि, अब भी इन राज्यों में भारत की 54 प्रतिशत अत्यधिक गरीब आबादी है और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि वर्ष 2019-21 तक नॉन मोनेटरी गरीबी दर 53.8 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई है। इतना ही नहीं, रोजगार वृद्धि ने भी कामकाजी उम्र की जनसंख्या को पार कर लिया है तथा शहरों में बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है। युवा बेरोजगारी दर 13.3 प्रतिशत है। कृषि सेक्टर में रोजगार अब भी अधिकांश रूप से असंगठित है। हालांकि, स्वरोजगार और महिलाओं की रोजगार दर में वृद्धि हो रही है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत लगातार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। भारत की वैश्वीकरण नीतियों से देश विश्व व्यापार में शामिल हुआ है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है, जिससे रोजगार सृजन हुआ है और ग़रीबी कम हुई है। सच तो यह है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी, रोजगार के नए अवसरों का सृजन, और भारत का निम्न-मध्यम आय वर्ग में कदम रखना, यह सब हमारे देश की प्रगति, इसके उन्नयन को ही दर्शाता है। सच तो यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ, फायदों की वृद्धि हुई, विदेशी निवेश बढ़ा, और भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत हुई है। पिछले कुछ सालों से रोज़गार सृजन कार्यक्रम, आय समर्थन कार्यक्रम, रोज़गार गारंटी तथा आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे कार्यक्रमों से भारत विकास के सोपानों को लगातार छू रहा है। भारत में लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य की उपलब्धता हर गांव-ढाणी में सुनिश्चित हुई है। महिलाओं के सशक्तीकरण से आर्थिक असमानता दूर हुई है तथा पोषण और स्वच्छता कार्यक्रमों से हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। संसाधनों और सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित होने से विकास को पंख लगे हैं। वास्तव में उच्चतम और निम्न-मध्यम आय वाली गरीबी में तेज गिरावट, साथ ही ग्रामीण-शहरी गरीबी के अंतर में कमी, भारत सरकार के प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, रोजगार में वृद्धि, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और बहुआयामी गरीबी में कमी जीवन स्तर में व्यापक सुधार की ओर इशारा करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पहलगाम

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

आतंक का करारा जवाब देना जरूरी

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला किया, यह भारत जैसे तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है।

आतंकवाद से भारत की आत्मा को कुचलने की पहलगाम में क्रूर कोशिश की गयी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में इन आतंकवादी घटनाओं के बाद जो औपचारिकताएं की जाती रही हैं, उसको दुहराया गया है। सुरक्षा परिषद में सम्मिलित 15 देश विश्व को सन्देश देकर कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अन्तरराष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा के लिए सबसे गम्भीर ख़तरों में से एक है, ऐसा कह दिया है। सुरक्षा परिषद ने इस 'निंदनीय आतंकी कृत्य' के दोषियों, इसे अंजाम देने वालों, उनकी वित्तीय मदद करने वालों और प्रायोजकों की जवाबदेही तय करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित भी किया। लेकिन सवाल यह है कि अब तक के आतंकवादी इतिहास के बाद ऐसे वक्तव्य कितने कारगर साबित हुए और क्या यहीं तक अब जिम्मेदारियां निभाने की रस्म काफी हैं?

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? निःसंदेह देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने जम्मू-कश्मीर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में पर्यटकों पर जो हमला किया और उसमें 26 लोगों को मार दिया गया, यह भारत जैसे मजबूत व तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है। यह जन हानि नहीं है, बल्कि यह भारत को चुनौती दी गयी है। हथियारबंद चरमपंथी कोई एक दिन की फसल नहीं हैं। ये वे नासूर हैं जो अपने हथियारों के साथ क्रूर खेल खेल गए। यह लोग नशे में चूर ऐसी कौम से आते हैं जो इंसानियत में न विश्वास करते हैं और न ही शांति, अमन-ओ-चैन में, इससे यह पता चला है। इन्हें जहां से भी खाद-पानी मिला है, वे पूरी सभ्यता के दुश्मन हैं, यह बात तो सिद्ध हो गयी है। पहलगाम में क्रूरता की सारी हदें पार करके धर्म, संस्कृति व अस्मिता को चोट पहुंचाकर इन लोगों ने भारत को भयभीत करने की मंशा से इस घटना को अंजाम दिया है लेकिन एक बात यह भी सही है, जो उन्हें समझना चाहिए कि आतंकवाद का सहारा लेने वाले सबसे बड़े कायर व भयभीत लोग हैं। सच यह है कि इन्हें न ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सन्देश से कोई असर पड़ने वाला है, न ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस के सन्देश से लेना-देना है। यह लोग सुधरने वाले भी नहीं हैं। भारत को ऐसे में क्या करना चाहिए, आज यह जटिल सवाल है। भारत ने ऐसे विपरीत समय में संयम से फिर भी काम लिया है। वह अगर एकतरफ़ा कार्रवाई पर विचार करे तो यह उसका अब नैतिक कर्त्तव्य के रूप में ही लिया जाना चाहिए। भोले-भाले लोगों को जो पर्यटन के लिए, अपना जीवन जीने के लिए जम्मू पहलगाम आए, उनका आना उनके जीवन का अंतिम अध्याय बन गया। ऐसे में सरकार यदि कोई कारगर कदम उठाए तो यह कार्रवाई निश्चय ही सभी देशों की ओर से समर्थन पाने

का अधिकारी है। सवाल यह भी है कि आखिर भारत के बहुसंख्यक क्यों सहें? वे इतना विवश ही क्यों होकर जियें वो भी अपने ही देश में? वैसे देखा जाए तो चरमपंथी भले ही अपने मन को तसल्ली दे रहे हों, लेकिन कश्मीर का कितना आर्थिक नुकसान इन लोगों ने किया है, उसका अंदाज़ा भी नहीं है उन्हें। करोड़ों लोगों के आगमन का रास्ता उन्होंने रोक दिया। उभरती हुई कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था की भी उन्होंने इस नरसंहार के साथ हत्या कर दी। भारतीय भोली चेतना के ऊपर इसका गहरा असर हुआ है। यह वर्षों तक मानस पर बने रहने वाला है। असुरक्षा के भाव को निकालना किसी भी देश के लिए बहुत आसान नहीं है।

निःसंदेह भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने धारा 370 में बदलाव के साथ जिस कश्मीर में बदलाव की उम्मीद की व तत्परता से इस क्षेत्र को नया परिवेश देने की कोशिश की उस पर इस घटना ने ग्रहण लगा दिया। यद्यपि यह तय है कि भारत सरकार अपनी प्रतिबद्धता से भारतीय मानस में पुनः विश्वास तो हासिल कर लेगी, लेकिन इसमें वक्त लगेगा। चरमपंथी व उनको सहयोग करने वाले लोगों को ज़रूर इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्होंने अपने ही लोगों के बढ़ते व्यापार, आमदनी व उनकी खुशहाली के साथ क्या किया? उन्होंने कश्मीर के साथ क्या किया? उन्होंने अपने भारतीय भाइयों के साथ क्या किया जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद पुनः उनके साथ मिलजुलकर आगे बढ़ने का मन बना चुके थे? यह ठीक नहीं किया। आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान तो बिलकुल नहीं है। हिंसा सभी आने वाले अवसरों पर दुधारी तलवार की तरह होती है और आतंकवाद का तो सहारा लेने वाले आत्महंता होते हैं। इनके जैसा कोई कायर होता ही नहीं है। उन्होंने किसी मनुष्य को नहीं मारा है बल्कि खुद को मारा है लेकिन वे समझें तो समझें कैसे? भारत में सहिष्णुता को चोट पहुंचाने वाले, देश को तोड़ने वाले, देश में अस्थिरता पैदा करने वाले लोग सैकड़ों वर्षों से ऐसे क्रूर षड्यंत्र करते रहे हैं लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं। उन्हें आगे भी सफलता नहीं मिलने वाली है। यदि कुछ बड़ा कदम भारत ने उठा लिया तो निश्चय ही वे लोग इसमें पिस जाएंगे जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। जो अपना जीवन शांति से जीना चाहते हैं, उनका अहित ज़रूर होगा। आखिर कोई भी देश कब तक ऐसी पिशाच शक्तियों के घृणित कार्य के सामने चुप बैठेगा? उसे कोई न कोई निर्णायक पहल करनी ही पड़ेगी। यह किसी सुरक्षा परिषद की निंदा से तो बात बनने वाली नहीं ही है।

हालांकि भारत ने बहुत आत्मनियंत्रित होकर वैश्विक शांति का पक्षधर होने की मिसाल प्रकट की है। यदि देश के वे लोग और पड़ोसी देशों के वे लोग जो इस आंच में किसी अहितकारी बुरे वक्त की आहट को समझ पा रहे हैं तो उन्हें इस पर ज़रूर विचार करना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को यहीं विराम मिले। यदि वे इसमें घी डालकर आग को और अधिक हवा देना चाहेंगे तो निश्चय ही इसमें धन, जन सबकी हानि होगी। ऐसे में आज जो परिस्थितियां हैं, वह बहुत ही विचित्र, वीभत्स और मनुष्यता के विपरीत हैं। इसे रोकना मानवाधिकारों व मनुष्यता में विश्वास करने वालों का दायित्व है। यद्यपि यह घटना अक्षम्य है लेकिन इसके एवज में यदि हिंसा का सहारा लेकर कार्रवाई हुई तो उसमें केवल हानि ही हाथ लगेगी। जिनके परिवार के लोगों ने अपना जीवन गंवा दिया और जिन परिवारों ने अपने सामने सबकुछ लुटते हुए देखा है, वह अकल्पनीय और अविस्मरणीय है। जिस दिन इसे महसूस करके इस पर भी हमारा मन, मानस यह बात बिठा सका कि ऐसी पुनरावृति न हो, वह भी मनुष्यता की बड़ी जीत होगी। सहिष्णु भारत को आतंक की चोट करने वाले इससे निश्चय ही मात खायेंगे।

(लेखक महामहिम राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

कर्मों से उपार्जित सुख

संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?

संकलित

प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

शिकारा की सवारी

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को डल झील में शिकारा की सवारी करते पर्यटक।

आज की पाती

नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। - *मुकेश यादव, बिलासपुर*

ट्रेंड

पीड़ितों को न्याय मिलेगा

पहलगाम में आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम् जवाब दिया जाएगा।

- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

गंगा एक्सप्रेस-वे

इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश के विकसित होने की आधारभूत शर्त होती है। आज जनपद हरदोई, शाहजहांपुर एवं हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवतापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

दोषियों पर कार्रवाई करें

यूपी में दलितों पर हमले तथा उनके मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय हैं। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व प्रभावी कदम भी उठाए।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

एआई का महत्व

हमारे न्यूज़फीड से लेकर बोर्डरूम तक, एआई हमारे जीने और काम करने के तरीके को आकार दे रहा है। 2025 तक बाज़ार 250 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है, यह तो बस शुरुआत है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

करंट अफेयर

सिंगापुर के लिटिल इंडिया को समेटा एक किताब में



सिंगापुर के 'लिटिल इंडिया' के इतिहास को एक किताब में समेटा गया है। इस जगह का इतिहास 1822 से शुरू होता है, जब यहां बसने वाले प्रारंभिक भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक और वाणिज्यिक गतिविधियों की शुरुआत की थी। लेखिका सौंदरा नायकी वैरावन ने रविवार को कहा, 'यह किताब 1822 में लिटिल इंडिया परिसर के मुख्य मार्ग सेरांगून रोड की स्थापना से लेकर आज तक का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार यह भारतीय मूल के लोगों के लिए वाणिज्यिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।' भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो ने 187 पन्नों की कॉफी टेबल पुस्तक 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटी: थ्रू द एजेस' का शुक्रवार को संयुक्त रूप से विमोचन किया। सौंदरा ने बताया कि इसमें सेरांगून रोड के सामाजिक परिवर्तन, दुकानें, प्रारंभिक सामाजिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले त्योहार, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और व्यापार करने में आने वाली चुनौतियों का विवरण दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों और यहां आने वाले नियमित आगंतुकों के बारे में कहा, लिटिल इंडिया सिंगापुर में रहने वाली सभी मूल के लोगों के लिए खास स्थान है।

ऑफ बीट

अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है।



लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सिद्धारमैया ने पुराने बयान पर अब लिया यू-टर्न

पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएं, दोबारा सोच भी न सके

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

दक्षिण पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बाद भारत और पाकिस्तान संबंध एक बार फिर पटरी से उतर गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान पर हमले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान पर चर्चा गरम है। सिद्धारमैया ने अपने बयान को लेकर कहा कि एक देश के पास युद्ध को अंतिम विकल्प होना चाहिए।

अब सिद्धारमैया ने कहा कि मैंने युद्ध के बारे में जो बयान दिया, उस पर हो रही बहसों और चर्चाओं को मैंने देखा है, चाहे वह पक्ष में हो या विपक्ष में। युद्ध हमेशा एक राष्ट्र का अंतिम विकल्प होना चाहिए। कभी भी पहला और एकमात्र विकल्प नहीं होना चाहिए। जब दुश्मन को हराने के लिए हर अन्य तरीका विफल हो चुका हो, तब एक देश को युद्ध में जाने के लिए मजबूर होना चाहिए। पाक के समर्थन से आतंकवादियों ने पहलगाम में खौफनाक हमला कर स्पष्ट कर दिया है कि हमारी खुफिया और सुरक्षा प्रणाली में गंभीर चूक हुई। अब सरकार की यह जिम्मेदारी है कि पहले इन कमियों को सही किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी त्रासदियां फिर से न हों।

हमें युद्ध की जरूरत नहीं

सरकार पहले अपनी कमियों को दूर करे कि ऐसी त्रासदी न हो

यह बोला था- एक देश के पास युद्ध अंतिम विकल्प

पीएम लोगों को गुमराह कर रहे

शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में सिद्धारमैया ने कहा था कि हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को वहां होना चाहिए था। वे बिहार में चुनाव प्रचार करने गए थे। ऐसे में सवाल है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है? वे लोगों को टोपी पहना रहे हैं (मतलब लोगों को गुमराह बना रहे हैं)। सिद्धारमैया ने कहा था कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हमें कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए।

हमें वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए

दुनियाभर के देशों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी निंदा की है और भारत के साथ मजबूती से खड़े हैं। हमें इस अभूतपूर्व वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए और पाकिस्तान को ऐसा कड़ा सबक सिखाना चाहिए कि वे कभी भी ऐसे कृत्य दोबारा न करें।

भाजपा का सिद्धारमैया पर तंज

'पाकिस्तान रत्न', आप भी खुली जीप में घूमेंगे...

कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने एक्स पर लिखा, सीमा पार से वजार-ए-आला सिद्धारमैया के लिए बधाई! देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का

जिक्र करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि नेहरू को रावलपिंडी की सड़कों पर खुली जीप में घुमाया गया था, क्योंकि पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए नेहरू से बहुत खुश था। क्या सिद्धारमैया भारत के अगले राजनेता होंगे जिन्हें पाकिस्तान में खुली जीप में घुमाया जाएगा? विपक्ष के नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया को 'पाकिस्तान रत्न' बताया। आप अपने बचकाने और बेतुके बयानों के कारण रातों-रात पाक में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं।

कर्नाटक के मंत्री का बेहूदा बयान

आतंकवादियों ने धर्म नहीं पूछा होगा

सिद्धारमैया द्वारा पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं का बयान देने के एक दिन बाद ही उनकी सरकार के एक मंत्री ने अपने बयान की वजह से एक और विवाद खड़ा कर दिया है। उनके आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकवादी अपने लक्ष्य की हत्या करने से पहले उसका धर्म नहीं पूछते। तिम्मापुर नेकहा कि उन्हें नहीं लगता कि हत्यारों ने गोली मारने से पहले किसी का भी धर्म पूछा होगा? उन्होंने कहा, जो व्यक्ति गोली चला रहा है, क्या वह जाति या धर्म पूछेगा? वह बस गोली चलाकर चला जाएगा।

खबर संक्षेप

सुमन के काफिले पर करणी सेना का हमला

अलीगढ़। यहां से निकल रहे सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले को विरोध का

सामना करना पड़ा। काफिले को करणी सेना व क्षत्रिय समाज ने काले झंडे दिखाए और टायर भी फेंके। पुलिस-प्रशासन ने काफिले को रोका और सुमन को वापस किया। बुलंदशहर में 21 अप्रैल को थार से दलित समाज के 4 लोगों को कुचल दिया था।

पीएम मोदी वेव्स शिखर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में पहले 'विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर

सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें मीडिया और मनोरंजन जगत के दिग्गज शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मीडिया और मनोरंजन जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ बातचीत कर सकते हैं।

3200 करोड़ के घोटाले में फंसे वाईएस के नेता

अमरावती। 3200 करोड़ के कथित शराब घोटाले को लेकर आंध्र प्रदेश की राजनीति गरमा गई

है। एसआईटी के रिमांड नोट में बताया गया है कि इसमें वाईएसआरसीपी के कई बड़े नाम शामिल हैं, जिन्होंने घोटाले से हर महीने 50-60 करोड़ की रिश्वत ली और इस पैसे को पार्टी फंड में भी जमा किया गया। राजशेखर रेड्डी को प्रमुख बताया गया है।

जेल से छूटे अपराधी ने एएमयू में फायरिंग की

अलीगढ़। मुस्लिम विश्वविद्यालय में सक्रिय रहने वाले अपराधी गुटों से जुड़े एक अपराधी ने जेल से

छूटने के दो दिन बाद शनिवार शाम एएमयू में फायरिंग कर दी। ये घटना एएमयू के ही विधि छात्र से कार गलत दिशा में लाने के विवाद में हुई। अपराधी ने अपना नाम बताते हुए फायरिंग कर दहशत बनाने की कोशिश की। घटना से अफरा-तफरी मच गई।

डायरेक्टर खालिद के पास 'गांजा', अरेस्ट

चेन्नई। मलयालम फिल्म जगत से चौंकाने वाली घटना है। शनिवार देर रात ड्रग से संबंधित अपराधों के

लिए जाने-माने व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। इसमें निर्देशक खालिद रहमान और शालेफ मोहम्मद के साथ अशरफ हमजा को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में पकड़ा। कोच्चि के गोसरी ब्रिज के पास एक रिहायशी इलाके में कार्रवाई हुई।

गिरफ्तार सटोरियों के संबंध में सौ से ज्यादा पैनल ऑपरेट करने की मिली जानकारी

महादेव से अलग नए सट्टा ग्रुप का संचालन आधा दर्जन सटोरिए दिल्ली से गिरफ्तार

आईपीएल क्रिकेट से लेकर तमाम तरह के ऑनलाइन सट्टा संचालन पर रोक लगाने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके सटोरिए पुलिस को चुनौती देते हुए सट्टा संचालन कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर का-बुक नामक नए पैनल की पहचान कर आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। का-बुक के नाम से चल रहे ऑनलाइन सट्टे में सौ से ज्यादा पैनल संचालित होने की जानकारी पुलिस को मिली है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मध्यप्रदेश का रहने वाला है।

सरगना रायपुर का रहने वाला, नियमित कार्रवाई के बाद भी संचालित हो रहा सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन करने के आरोप में पुलिस ने रायपुर निवासी राकेश मदनानी उर्फ डाकी, विकास तारवानी उर्फ बाबू, बिलासपुर निवासी घनश्याम मनूजा उर्फ बबलू, गगन तोलानी, धमतरी निवासी विवेक नरसिंघानी तथा मध्यप्रदेश जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राजानी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के द्वारिकापुरी से राकेश मदनानी सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस के मुताबिक राकेश के भाई को पूर्व में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसी के निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली में छापे की कार्रवाई की।

खास खबर

खुद का पैनल बनाकर सट्टा

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में जिस पैनल पर कार्रवाई की गई है। वह एक नया पैनल है। का-बुक नामक पैनल का महादेव सट्टा एप से किसी तरह से लिंक है या नहीं, पुलिस इसकी पड़ताल करने की बात कह रही है। अलग-अलग नाम से संचालित ज्यादातर पैनल को महादेव सट्टा ग्रुप ने पैसे देकर खरीद लिया है।

अब तक के 21 प्रकरणों में 63 गिरफ्तार

राजधानी में सट्टे का मकड़जाल किस तरह फैला हुआ है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने एक माह के भीतर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के 21 प्रकरण दर्ज कर 63 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस लिहाज से पुलिस हर दूसरे दिन ऑनलाइन सट्टा खिलाने का मामला दर्ज कर रही है। लगातार कार्रवाई के बाद भी सट्टा संचालित होने का मतलब है सटोरियों को पुलिस कार्रवाई का किसी तरह से भय नहीं है।

इस बात की भी पड़ताल

अन्ना रेड्डी से लेकर तीन दर्जन से ज्यादा छोटे-बड़े सट्टा पैनल को महादेव एप के प्रमोटरों ने खरीदकर अपने पैनल में मर्ज कर लिया है। ऐसे में का-बुक नामक सट्टा पैनल अब तक महादेव ग्रुप से कैसे बाहर रहा है, पुलिस इसकी पड़ताल करने की बात कह रही है। महादेव सट्टा एप ऐसे सट्टा पैनल, जो थोड़े ऊपर उठने लगते हैं, उसे खरीद कर अपने पैनल में मर्ज कर लेता है। का-बुक के सौ से ज्यादा पैनल हैं, ऐसे में इस ग्रुप में करोड़ों रुपए का सट्टा संचालित होने का अनुमान पुलिस लगा रही है।

इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेन्टर में हुआ सफल 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन

कॉन्क्लेव में 2815.5 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 27760 रोजगार होंगे 'सृजित'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र अब मात्र वादों का नहीं, विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' मप्र की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है।

यह दिन मप्र के टेक्नो-इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इंदौर में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन सिर्फ एक कॉन्क्लेव नहीं है, बल्कि प्रदेश की तकनीकी-परक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ऐतिहासिक कदम है। यादव रविवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेशन सेंटर में कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में हमने दुनिया को मप्र की प्रौद्योगिकी क्षमता से रूबरू करवाया था। यह कॉन्क्लेव उसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है और 'नीतियों को क्रियान्वयन' में बदल रहे हैं। इन्वेस्टर्स समिट को 60 दिन ही हुए हैं और इस अल्प समय में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हमारी 'प्रॉमिस्ड डिलीवरी' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मप्र भारत का टेक हब बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए और भी गर्व हो रहा है कि इस कॉन्क्लेव में ही कई परियोजनाओं के उद्घाटन भी हुए हैं जो विश्वास दिलाता है कि मप्र भारत का टेक हब बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर है। आज जिन संस्थाओं की परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है उनमें बीईएल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर जो कि इंदौर के सिन्हासा आईटी पार्क में एमपीएसईडीसी के साथ स्थापित है। यह सेंटर एआई तकनीकों पर केंद्रित है। इस प्रोजेक्ट में लगभग 3 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसका उद्देश्य पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करना, जीसीसी, आईटी, आईटीईएस सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन और एवीजीसी-एक्सआर पर चर्चा करके इन नीतियों का सफल क्रियान्वयन कराना, मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें आयोजित करना है। इसके अलावा निवेश स्वीकृतियों और परियोजना-स्तरीय चिंताओं पर चर्चा करना और रीयल-टाइम अपडेट और एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करने के साथ प्रदेश को नवाचार और निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

तमिलनाडु कृषि विवि में व्याख्यान में बोले उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

किसान सिर्फ उत्पादक होने के ऊपर उठें और अब समृद्धि की ओर आगे बढ़ें

धनखड़ का कृषि उद्यमिता को और बढ़ावा देने पर जोर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय 2 दिनी तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के अधिकारी मौजूद थे।

भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक बना

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है।अब समय बदल गया है। हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह आपके जैसे संस्थानों से विकसित होना चाहिए।हमारे 730 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को शिक्षित करने के लिए कार्रवाई के जीवंत केंद्र होने चाहिए। भूमि और प्रयोगशाला के बीच की खाई को पाटा जाना चाहिए। नवाचार और शोध पहलों का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाना चाहिए कि उनका किसान पर क्या प्रभाव पड़ता है। केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और वाणिज्य द्वारा भी शोध को समर्थन दिया जाना चाहिए।



भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी

टीएनएयू में 'विकसित भारत के लिए कृषि-शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना' विषय पर छात्रों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है। बावजूद इसके यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16 प्रतिशत का योगदान देता है। ऐसे में टीएनएयू जैसे संस्थानों को आगे बढ़ना चाहिए

पटना समेत बिहार के 6 जिलों में रेड अलर्ट

वज्रपात, ओलावृष्टि की चेतावनी बारिश शुरू

पटना। राजधानी पटना समेत बिहार के 6 जिलों में अगले कुछ घंटों में वज्रपात, ओलावृष्टि और बारिश के साथ तेज हवा चलने की प्रबल संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने सारण,वैशाली, पटना, भोजपुर, अरवल और जहानाबाद में रेड अलर्ट जारी किया है। जहानाबाद और अरवल जिले में तो आंधी और बारिश शुरू भी हो गई है।

गोयल ने म्यूचुअल फंड मैनेजरों व वित्तीय सलाहकारों को किया संबोधित

मुद्रा भंडार, तेज विकास दर से भारत में निवेश बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत का मजबूत विदेशी भंडार और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर रही है। दिल्ली में म्यूचुअल फंड मैनेजरों और वित्तीय सलाहकारों के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कह कि भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से हमारा देश अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों और बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री बोले-देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 6 माह में उच्चतम स्तर पर पहुंचा

गोयल का बयान ऐसे समय पर आया है, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा के अनुसार 18 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर बढ़कर 6 महीने के उच्चतम स्तर 686.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बीते 6 हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से रुपया मजबूत

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि से रुपया भी मजबूत हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है।

आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 प्रतिशत रहेगी

आईएमएफ रिपोर्ट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद चीन के लिए अनुमान 2025 में 4 प्रतिशत और 2026 में 4.6 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में टैरिफ उथल-पुथल मचाने वाले अमेरिका की इस साल जीडीपी वृद्धि धीमी होकर 1.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो 2026 में और घटकर 1.7 प्रतिशत रह सकती है।

सीजेआई व एससीबीए-11 में क्रिकेट मैच

सिब्बल ने की तारीफ- सीजेआई को कहीं हारने की आदत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में सीजेआई-11 और एससीबीए-11 के बीच क्रिकेट मैच में हिस्सा लिया।

इस दौरान सिब्बल ने सीजेआई संजीव खन्ना की तारीफ की। उन्होंने कहा किसीजेआई को हारने की आदत नहीं है। सिब्बल ने कहा कि चीफ जस्टिस जब आए तो टॉस हुआ तो उन्होंने जीता। वे बेंच पर भी बैठकर जीतते हैं। यहां भी क्रिकेट में

भी जीतते हैं। हमारी कोशिश है कि यहां पर तो उनको हराया जाए, लेकिन मुझे बहुत ही मुश्किल लगता है। उनकी टीम बड़ी मजबूत है। सीजेआई ने बड़े-बड़े प्लेयर उधार भी लिए हुए हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के जज नहीं हैं। हम चाहते हैं कि इसके द्वारा ऐसे मैच भी हों, जहां बार एंड बेंच भी इकट्ठा होकर क्रिकेट खेलें।

खबर संक्षेप

रिलायंस रिटेल के मुनाफे में 29 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा कारोबार इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 29.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,545 करोड़ रुपये रहा है।
इस दौरान कंपनी की सकल आमदनी 15.65 प्रतिशत बढ़कर 88,620 करोड़ रुपये रही।

विलय के बाद जियोस्टार का राजस्व 10,006 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली। रिलायंस के मीडिया कारोबार और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने 774 करोड़ रुपये की कर-पूर्व कमाई के साथ 10,006 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। जियोहॉटस्टार ने पांच सप्ताह के भीतर भुगतान वाले 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया।
जियोहॉटस्टार को 14 फरवरी, 2025 को दो प्रमुख ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों- जियोसिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के विलय के बाद लाया गया था।

एथर एनर्जी ने बड़े निवेशकों से जुटाए 1340 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। एथर एनर्जी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी 28 अप्रैल को अपना 2,981 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। इसका मूल्य दायरा 304-321 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एथर एनर्जी ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। प्रमुख एंकर निवेशकों में कस्टडी बैंक ऑफ जापान, फ्रैंकलिन टेम्पलटन और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी शामिल हैं।
इस आईपीओ में 2,626 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तकों की तरफ से 1.1 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा करेगी एसएमएल इसुजु का टेकओवर, 555 करोड़ होंगे निवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी के टेकओवर के लिए ओपन ऑफर भी लाएगी। इस डील की जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सभी के साथ साझा किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा इस डील के तहत एसएमएल के प्रमोटर सुमितो कॉरपोरेशन से 43.96 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी। वहीं, एसएमएल इसुजु लिमिटेड के पब्लिक शेयर होल्डर्स से कंपनी 15 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

- कंपनी 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए करेगी खर्च

महिंद्रा एंड महिंद्रा को इसके बाद 26 प्रतिशत हिस्सा खरीदना ही होगा। सेबी के नियमों के अनुसार महिंद्रा एंड महिंद्रा को अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाना होगा।

महिंद्रा ने 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का किया ऐलान

महिंद्रा के शेयर एक साल में 36 फीसदी चढ़े

शुक्रवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर बीएसई में 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2862.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल के दौरान 36 प्रतिशत की तेजी आई है। अब सोमवार यानी कल कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे।

दिग्गज कंपनी है एसएमएल इसुजु

एसएमएल इसुजु एक स्थापित और लोकप्रिय ब्रांड है। कंपनी की मौजूदगी देश भर में है। एसएमएल इसुजु आईएलसीवी सेगमेंट में एक लीडिंग कंपनी है। बस सेगमेंट में एसएमएल इसुजु की कुल हिस्सेदारी 16 प्रतिशत की है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग रेवन्यू 2196 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, इबिडाटा इस दौरान 179 करोड़ रुपए रहा था।

महिंद्रा की पोजीशन होगी मजबूत

इस प्रस्तावित अधिग्रहण से महिंद्रा एंड महिंद्रा की 3.5 टन कॉमर्शियल सेगमेंट में स्थिति और मजबूत हो जाएगी। मौजूदा समय में महिंद्रा एंड महिंद्रा का इस सेगमेंट में 3 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 3.5 टन एलसीवी सेगमेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है। महिंद्रा एंड महिंद्रा का कहना है कि इस अधिग्रहण के बाद उनका मार्केट शेयर 6 प्रतिशत हो जाएगा।

पिछले आठ वर्षों में 18 पीएसयू कंपनियां हुई सूचीबद्ध

सीपीएसई के आईपीओ निवेशकों को आठ साल में बंपर रिटर्न मिला, मझगांव डॉक सबसे ऊपर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले आठ वर्षों में सूचीबद्ध 18 सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में 15 ने बंपर रिटर्न दिया है। इनमें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स सबसे ऊपर है, जिसने निवेशकों को 37 गुना तक अमीर बनाया।

विश्लेषण से पता चलता है कि बीमा कंपनियों को छोड़कर, मई 2017 से सूचीबद्ध सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) ने निवेशकों को सकारात्मक प्रतिफल दिया। इनमें विशेष रूप से पोत परिवहन और रेल क्षेत्रों की कंपनियां सबसे आगे रहीं।

आईआरसीटीसी ने दिया 1000 प्रतिशत रिटर्न

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने आईपीओ निवेशकों को 1,000 प्रतिशत से अधिक का प्रतिफल दिया।

सार्वजनिक क्षेत्र की 15 कंपनियों ने दिया बंपर रिटर्न
डॉक शिपबिल्डर्स ने निवेशकों को 37 गुना अमीर बनाया
लाभ देने में पोत और रेल विकास निगम सबसे आगे रहे

रेलवे का प्रदर्शन रहा बेहतर

क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि रेलवे और पोत परिवहन सीपीएसई ने अन्य क्षेत्रों के सीपीएसई से बेहतर प्रदर्शन किया है। मझगांव डॉक 2020 में 145 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। दिसंबर 2024 में शेयर विभाजन के बावजूद 22 अप्रैल, 2025 को यह 5,510.2 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।

आईआरसीटीसी बढ़कर 3872 पहुंचा

रेलवे सीपीएसई में, आरवीएनएल ने 1,866 प्रतिशत का प्रतिफल दिया। कंपनी का शेयर 2019 में 19 रुपये के आईपीओ मूल्य से बढ़कर इस समय 373.6 रुपये पर पहुंच गया है। इसी तरह आईआरसीटीसी के शेयर 2019 में 320 रुपये से बढ़कर 3,872.75 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए।

एचएएल ने भी दिया अच्छा रिटर्न

रक्षा क्षेत्र के सीपीएसई - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स (बीडीएल) ने आईपीओ निवेशकों को क्रमशः 605 प्रतिशत और 558 प्रतिशत का प्रतिफल दिया।

इरेडा 458 प्रतिशत चढ़ा : भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के शेयर 2023 में 32 रुपये के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए और 458 प्रतिशत बढ़कर 178.6 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान न्यू इंडिया एश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) के शेयरों में गिरावट हुई।

कोचीन शिपयार्ड 2017 में हुआ सूचीबद्ध : गार्डन रीच शिपबिल्डर्स 2018 में 118 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। इस समय शेयर की कीमत 1,733.9 रुपये प्रति शेयर है। कोचीन शिपयार्ड 2017 में सूचीबद्ध हुआ था। इसका शेयर 432 रुपये के आईपीओ निर्गम मूल्य से बढ़कर 2,979.7 रुपये पर है। यह प्रतिफल शेयर विभाजन के बावजूद है।

एआई का मतलब कौशल विकास, नौकरी खत्म होना नहीं: टीसीएस

- कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई के वैश्विक प्रमुख अशोक कृष ने कहा कि एआई नई प्रौद्योगिकियों के सृजन को बढ़ावा देगी तथा कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी।

कृष ने कहा कि एआई को कौशल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि नौकरियों के लिए खतरे के नजरिए से। कृष ने बातचीत में बताया कि एआई केवल एक प्रौद्योगिकी बदलाव नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन है जिसके लिए ऐसे कार्यान्वयन के साथ-साथ लोगों के काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। पिछले तीन दशकों में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों - मेनफ्रेम से लेकर इंटरनेट, ई-कॉमर्स, डिजिटल और क्लाउड तक की बार-बार लहरें देखी गई हैं। प्रत्येक बदलाव ने भविष्य की संभावनाओं के बारे में आशंकाएं और कभी-कभी 'भयभीत करने वाली' भावनाएं पैदा की हैं। व्यापक रुझान को देखते हुए, उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ़ अगला विकास है, जो अंततः अधिक प्रौद्योगिकी के निर्माण की ओर ले जाएगा, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। कृष ने कहा, "इसलिए मुझे लगता है कि इसे नौकरी घटने के नजरिए से देखना गलत है और यह कौशल विकास का एक अवसर है।"

काम की प्रकृति भिन्न होगी

कृष ने कहा कि एआई मौजूदा तकनीक का विस्तार करेगा, लेकिन इसके जरिये किए जाने वाले काम की प्रकृति भिन्न होगी।

तीसरे देशों के रास्ते भारत से सालाना 10 अरब डॉलर का माल जाता है पाकिस्तान: जीटीआरआई

नई दिल्ली (भाषा)। भारत से हर साल 10 अरब डॉलर से ज्यादा का माल दुबई, सिंगापुर और कोलंबो जैसे बंदरगाहों के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पहुंच रहा है। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने यह अनुमान जताया। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारतीय कंपनियां इन बंदरगाहों पर सामान भेजती हैं, जहां एक स्वतंत्र कंपनी खेप को उतारती है और उन्हें बॉन्डेड वेयरहाउस में रखती है। यहां माल को ट्रांजिट के दौरान शुल्क का भुगतान किए बिना रखा जा सकता है। थिंक टैंक ने कहा कि इसके बाद माल के लेबल और दस्तावेजों को मूल देश से अलग दिखाने के लिए संशोधित किया जाता। ऐसे में लगता है कि माल किसी तीसरे देश से आ रहा है और फिर उसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, "हालांकि, यह मॉडल हमेशा अवैध नहीं होता है, लेकिन यह गुमराह करने जैसा है। इससे पता चलता है कि कैसे कारोबारी व्यापार जारी रखने के लिए रचनात्मक तरीके खोजते हैं। कई बार उनकी चाल सरकारों की प्रतिक्रिया से भी तेज होती है।

पोटाश खनन में हिंदुस्तान जिंक के उतरने की योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) पोटाश खनन में उतरने की योजना बना रही है और राजस्थान में एक ब्लॉक पर नज़र गड़ाए हुए है, जिसमें लिथियम भंडार होने की भी अच्छी संभावना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत पोटाश के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है और इसे कम करने के तरीकों की खोज कर रहा है। भारत का पोटाश आयात मुख्य रूप से रूस, कनाडा, बेलारूस और इज़राइल जैसे देशों से आता है। कंपनी मूल धातुओं- जस्ता और सीसा और कीमती धातु चांदी के साथ-साथ सभी महत्वपूर्ण खनिजों से परे विस्तार करने की योजना बना रही है जो कंपनी के लिए रणनीतिक हित में हैं। हिंदुस्तान जिंक को राजस्थान में दुगोचा गोल्ड ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कीमती धातुओं के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ। "हम सभी महत्वपूर्ण खनिजों में विस्तार करेंगे, जो भी हमारे लिए रणनीतिक हित में है, जिसमें न केवल खनिज शामिल हैं।

कंपनी सभी खनिज ब्लॉकों के नीलामी में भाग लेगी

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को आंध्र प्रदेश में बालेपालयम टंगस्टन ब्लॉक आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी देश में होने वाले सभी खनिज ब्लॉकों की नीलामी में भाग लेने पर विचार कर रही है।

नेफेड की बिकवाली जारी रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट

नई दिल्ली। सहकारी संस्था नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई जबकि विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मजबूत होने से बाकी सभी तेल-तिलहनों में सुधार देखने को मिला। मंडियों में आवक कम रहने और सुस्त कारोबारी गतिविधियों के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नेफेड की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य से कमजोर हाजिर दाम पर सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच सोयाबीन तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह से पहले जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन था।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

सीआईआई की पेंडिंग केसों से निपटने के लिए 'तत्काल न्यायिक सुधार' की मांग

नई दिल्ली (भाषा)। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए 'तत्काल सुधार' का आह्वान किया। सीआईआई ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड समाधान दर के आधार पर राज्यों की वास्तविक समय की स्वचालित रैंकिंग की व्यवस्था कर सकता है। सीआईआई ने कहा कि विभिन्न न्यायालयों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं और कई न्यायक्षेत्रों में मामलों के निपटान की दर नए मामलों की तुलना में कम है, इसलिए लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तत्काल सुधार की जरूरत है। इसने राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) को डेटा-संचालित नीति हस्तक्षेपों को सक्षम करके लंबित मामलों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उद्योग निकाय ने कहा कि राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, एनजेडीजी ग्रिड पर एकत्र किए गए डेटा के आधार पर राज्यों को वास्तविक समय में रैंकिंग दी जा सकती है। एनजेडीजी को भारत की न्यायिक प्रणाली में लंबित मामलों को ट्रैक करने, प्रबंधित करने और कम करने के लिए ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के तहत 2015 में पेश किया गया था। सीआईआई ने कहा कि एनजेडीजी वास्तविक समय में डेटा-संचालित नीति हस्तक्षेप को सक्षम करके, विवाद समाधान में तेजी ला सकता है, न्यायिक दक्षता को मजबूत कर सकता है।

- एनजेडीजी को भारत की न्यायिक प्रणाली में लंबित मामलों को ट्रैक करने, प्रबंधित करने और कम करने के लिए ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के तहत 2015 में पेश किया गया था।

इंटेल में होगी बड़ी छंटनी, हजारों कर्मियों से लिया जा सकता है इस्तीफा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की मशहूर चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल एक बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। खबर है कि इस हफ्ते इंटेल अपने स्टाफ का 20 फीसदी से ज़्यादा हिस्सा घटाने का ऐलान कर सकती है। कंपनी के नए सीईओ लिप-बू तान, जो पिछले महीने ही पदभार संभाले हैं, मैनेजमेंट को स्लिम बनाने और इंजीनियरिंग पर फोकस बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। एनडीटी प्रॉफिट की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी का ये कदम ब्यूरोक्रेसी कम करने और इंटेल की मूल पहचान, यानी टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को फिर से मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा है। इससे पहले भी, पिछले साल अगस्त में, इंटेल ने करीब 15,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी। 2024 के अंत तक कंपनी के कर्मचारियों की संख्या घटकर 1,08,900 रह गई थी जबकि 2023 में यह 1,24,800 थी।

कंपनी के शेयरों में आई गिरावट

बावजूद इसके, बाजार ने इस खबर पर पॉजिटिव रिएक्शन दिया है। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज खुलने से पहले प्री-मार्केट ट्रेडिंग में इंटेल के शेयर 3.5 फीसदी तक उछल गए। हालांकि बीते 12 महीनों में कंपनी के शेयरों में लगभग 43 फीसदी की गिरावट आई है। इंटेल का ये बदलाव उस मुश्किल दौर से निकलने की कोशिश है, जब कंपनी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले बढ़त खो दी थी। खासकर एआई कंप्यूटिंग के मामले में एनवीडिया जैसी कंपनियों ने बाजी मार ली है। लगातार तीन साल से गिरती बिक्री और घाटे ने इंटेल को गहरी मुश्किल में डाल दिया है।

शब्द पहेली - 5850

बाएँ से दाए-
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

ऊपर से नीचे
1. बंदूक की गोली-4
25. नाकारा, बेकार-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2

शब्द पहेली -5849 का हल

का	म	या	ब	■	र	■	श	ब	न	म
■	र्म्मी	■	र	फू	च	क्क	र	■	र्म	■
आ	■	मा	स	■	ना	■	मा	ह	■	प्र
स	ह	ला	ना	■	का	■	ना	रा	य	ण
■	थ	■	■	■	र	■	■	■	ज्ञो	■
ह	क	ब	का	ना	■	अ	प	ना	प	न
■	र	■	■	■	ख	■	■	■	वी	■
मे	घा	ल	य	■	ल	■	क	म	त	र
घ	■	त	म	■	ना	■	ल	त	■	क्षा
■	यं	■	रा	सा	य	नि	क	■	कै	■
म	हा	रा	ज	■	क	■	ल	म्बो	द	र



कोपा डेल रे कप : बार्सिलोना 32वें बार बना चैंपियन, 43वें बार खेला फाइनल मुकाबला

एजेंसी ▶▶ सेविले

जूल्स कौंडे के 116वें मिनट में अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है।

3-2 से रियल मैड्रिड को हराया | 11 बार उपविजेता रही टीम | चैंपियंस लीग और ला लिगा खिताब से एक कदम दूर | 20 बार रियल मैड्रिड चैंपियन | 24 खिताब के साथ बिलबाओ दूसरे स्थान पर

अतिरिक्त समय में मिली जीत

पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींच दिया।

सत्र में तीसरी जीत

बार्सिलोना ने इस सत्र में रियल मैड्रिड के खिलाफ जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे जीत मिली। उसने पिछले साल अक्टूबर में ला लिगा के मैच में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया था। इसके बाद उसने जनवरी में स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से जीत हासिल की थी।

एफए कप फाइनल में पहुंचा क्रिस्टल पैलेस

लंदन। क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था लेकिन दोनों अवसरों पर उसे मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एजे ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फॉरेस्ट से भिड़ेगा।

रोनाल्डो ने दागा टूर्नामेंट का अपना 8वां गोल

जेद्दा। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल-नसर का खाता खोला जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	10	7	3	14
गुजरात	8	6	2	12
मुंबई	10	6	4	12
दिल्ली	9	6	3	12
पंजाब	9	5	3	11
लखनऊ	10	5	5	10
कोलकाता	9	3	5	7
हैदराबाद	9	3	6	6
राजस्थान	9	2	7	4
चेन्नई	9	2	7	4

ऑरेंज कैप

सूर्यकुमार
427 रन
मुंबई

पर्पल कैप

जोश हेजलवुड
17 विकेट
बेंगलुरु

खबर संक्षेप

प्रभसिमरन इस सत्र में अधिक परिपक्व

कोलकाता। जाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र ने अधिक

परिपक्वता दिखा रहे हैं तथा टीम प्रबंधन में उन पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतर रहे हैं। पंजाब के अनुभवी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए मैच में शुरू में सतर्कता बरतने के बाद 49 गेंद पर 83 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण हालांकि यह मैच धुल गया।

आक्रामक गेंदबाजी से उनका भी दिन बन जाएगा

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाज पावर-हिटिंग को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं, लेकिन

अगर गेंदबाज सटीकता से समझौता किए बिना आक्रामक बने रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनका भी दिन बन जाएगा। बोल्ट ने कहा कि टी20 क्रिकेट बल्लेबाजों द्वारा बड़े शॉट लगाने के तरीके खोजने के साथ विकसित हुआ है, लेकिन इससे गेंदबाजों को भी विकेट लेने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

टीसीएस वर्ल्ड 10के में शीर्ष पर रहे सारा और जोशुआ

बेंगलुरु। सारा चेलंगट और जोशुआ चेप्टेगी ने रविवार को यहां आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के दौड़ में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किए।

विश्व एथलेटिक्स के 'गोल्ड लेबल रोड रेस' के दोनों वर्गों में इस तरह युगांडा के धावकों का दबदबा रहा। सारा और चेप्टेगी अपने देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10के खिताब के साथ-साथ 26,000 डॉलर का पुरस्कार भी जीते हैं।

आईपीएल : 10 मैच में 12 अंक लेकर नंबर 2 बनी इंडियंस

मुंबई की लगातार पांचवीं जीत, बुमराह का 'चौका', रिकलटन और सूर्या के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आईपीएल में हमेशा की तरह धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई इंडियंस 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात टाइटन्स (12 अंक) से नीचे बनी हुई है। एलएसजी 10 अंक से छठे स्थान पर है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 161 रन ही बना सकी। विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी की।

सूर्या के 4 हजार रन पूरे

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे कर लिए हैं। एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के बाद सूर्या ने सबसे कम गेंदों में ऐसा कारनामा किया है। गेल ने 4 हजार रन पूरे करने के लिए 2653 गेंदों का सामना किया था, जबकि डिविलियर्स ने 2658 गेंदों का सामना किया था। वहीं, सूर्या ने इसे करने के लिए 2705 गेंदों का सामना किया है।

ऑरेंज कप पर सूर्या का कब्जा

ऑरेंज कप यानी आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सूर्यकुमार यादव अब सबसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। 10 मैच में सूर्या के बल्ले से अबतक 427 रन निकले हैं, जबकि 8 पारियों में साई ने 417 रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जो 9 मैच में 392 रन बनाए हैं।

स्कोर बोर्ड

मुंबई इंडियंस	रन	गेंद	4	6
रिकलटन का बदोनी बो राठी	58	32	6	4
रोहित का प्रिंस बो मयंक	12	05	0	2
विल जैक्स बो प्रिंस यादव	29	21	3	1
सूर्यकुमार का मार्श बो आवेश	54	28	4	4
तिलक का प्रिंस बो बिश्नोई	06	05	1	0
हार्दिक पंड्या बो मयंक	05	07	0	0
नमन धीर नाबाद	25	11	2	2
बॉश का पूरन बो आवेश	20	10	2	1
दीपक चाहर नाबाद	01	01	0	0
अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 215/7				
गेंदबाजी : मयंक 4-0-40-2, प्रिंस 4-0-44-1, राठी 4-0-48-1, बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश 4-0-42-2				
लखनऊ सुपर जायंट्स	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
मार्श का तिलक बो बोल्ट	34	24	3	2
मारक्रम का नमन बो बुमराह	09	11	2	0
पूरन का सूर्यकुमार बो जैक्स	27	15	1	3
पंत का कर्ण बो जैक्स	04	02	1	0
बदोनी का जैक्स बो बोल्ट	35	22	2	2
मिलर का बॉश बो बुमराह	24	16	3	0
अब्दुल समद बो बुमराह	02	04	0	0
रवि बिश्नोई बो बॉश	13	14	0	2
आवेश खान बो बुमराह	00	01	0	0
प्रिंस यादव नाबाद	04	09	0	0
दिग्वेश राठी बो बोल्ट	01	03	0	0
अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/10				
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-20-3, चाहर 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, जैक्स 2-0-18-2, कर्ण शर्मा 2-0-25-0, पंड्या 1-0-10-0, बॉश 4-0-26-1				

कुणाल और कोहली ने सेंचुरी पार्टनरशिप की

बेंगलुरु टॉप पर, भुवनेश्वर को 3 विकेट

बेंगलुरु ने दिल्ली को छह विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपने मैदान पर खेल रहे विराट कोहली और कृणाल पंड्या के बीच चौथे विकेट के लिये 84 गेंद में 119 रन की साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल के मैच में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। जीत के लिये 163 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने एक समय 26 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद 18.3 ओवर में चार विकेट पर 165 रन बनाये। आरसीबी अपने मैदान से बाहर लगातार छह मैच जीतने वाली आईपीएल के इतिहास में पहली टीम बन गई। खचाखच भरे अरूण जेटली स्टेडियम पर 'कोहली कोहली' के शोर के बीच विराट ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए 47 गेंद में चार चौकों की मदद से 51 रन बनाये जबकि कृणाल ने 47 गेंद में नाबाद 73 रन बनाये जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सके और खराब फील्डिंग तथा कैच टपकाने का भी उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। आरसीबी को आखिरी दो ओवर में 17 रन चाहिये थे और ऐसे में मिचेल स्टार्क की जगह मुकेश कुमार से 19वां ओवर कराना भी हैरानी भरा रहा। टिम डेविड ने तीन गेंदों पर ही खेल समाप्त कर दिया। इस जीत के बाद आरसीबी 10 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है।

सुदीरमन कप

भारत पहले मुकाबले में डेनमार्क से 1-4 से हारा

एजेंसी ▶▶ शियामेन

पीवी सिंधू और एचएस प्रणय जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की हार के झटके से उबरने में नाकाम रही भारतीय टीम को बीडब्लूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स में ग्रुप डी के अपने पहले मैच में रविवार को यहां डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

इंडोनेशिया और इंग्लैंड के साथ एक कठिन ग्रुप में रखे गए भारत को अपनी क्वालिफिकेशन उम्मीदों को जीवित रखने के लिए मजबूत शुरुआत की जरूरत थी लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। डेनमार्क ने पांच मैचों के मुकाबले के पहले तीन मैच जीतकर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने भारतीय अभियान की शुरुआत की, लेकिनजेस्पर टोफ्ट और अमाली मैगेलुंड की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी से 13-21, 14-21 से हार गई। प्रणय इसके बाद दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर नहीं दे सके। उन्हें सीधे गेम में 15-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में भारत को बनाये रखने की जिम्मेदारी अब हरिहरन अम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की अनुभवहीन भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पर थी लेकिन यह मुकाबला पूरी तरह एकतरफा साबित हुआ।

सिंधू फार्म में नहीं, वापसी में फेल

चोट से वापसी के बाद खराब लय से गुजर रही विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू दोनों गेम में 20-16 और 19-12 की बड़ी बढ़त को भुनाने में नाकाम रही। इस साल पांच टूर्नामेंटों में सिर्फ तीन जीत दर्ज करने वाली सिंधू को लाइन होजमार्क केजेर्सफिल्ड ने 22-20, 23-21 से शिकस्त दी। तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा ने महिला युगल में जीत हासिल करके भारत के लिए कुछ सम्मान बचाया। भारतीय जोड़ी ने निचली रैंकिंग वाली डेनमार्क की जोड़ी नतास्जा पी. एंथनीसन और एलेक्जेंड्रा बोजे को हराया। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को इंडोनेशिया की मजबूत टीम से होगा।

भारत के 14 मुक्केबाज एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

अम्मान। भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से रौंदा, प्रतिका की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के शानदार नाबाद अर्धशतक से पहले स्पिनर स्नेह राणा और पदार्पण कर रही श्री चरणी की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया।

बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ के स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलायी जिसके बाद प्रतिका (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

अभिनव निशानेबाजी में जीते तीन स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। युवा अभिनव शॉ ने रविवार को कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। अभिनव ने सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में मेहुली घोष के साथ मिलकर रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया।जूनियर स्पर्धा के स्वर्ण पदक मैच में अभिनव ने स्वाति चौधरी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महाराष्ट्र की शम्भवी क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने को 16-12 से हराया। अभिनव ने युवा वर्ग में संद्रता रॉय के साथ स्वर्णिम हैट्रिक पूरी की। इस जोड़ी ने मध्य प्रदेश की निखिल पुंडीर और गौतमी भनोट की जोड़ी को 17-5 से हराया।

टी-20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला शाम 7.30 बजे

आज जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचेगा गुजरात

एजेंसी ▶▶ जयपुर

शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंचना होगा।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम आठ मैचों में से छह जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में शीर्ष पर काबिज है और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो और जीत की जरूरत है। टाइटंस ने मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन

किया है और उसे सिर्फ दो बार हार सामना करना पड़ा है। साई सुदर्शन और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः ऑरेंज (सबसे ज्यादा रन) और पर्पल (सबसे ज्यादा विकेट) कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। गुजरात की इस टीम के लिए गिल, सुदर्शन और जोस बटलर शानदार लय में है। इस तिकड़ी के तीनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में 300 से अधिक रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से अधिक रहा है। कई चोटों के बाद प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आठ मैचों में 14.12 की औसत से 16 विकेट लिए हैं। मोहम्मद सिराज भी गेंद से प्रभावी रहे हैं, उन्होंने अब तक 12 विकेट लिए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। आर साई किशोर भी इस सत्र में शीर्ष पांच विकेट लेने वालों में शामिल हैं। इस वामहस्त स्पिनर ने 8.22 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं।

गेंदबाजी एक बड़ी निराशा

राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 11 रनों से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। यह उनकी लगातार पांचवीं और नौ मैचों में सातवीं हार थी। वे अब अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। लीग के शुरुआती सत्र के चैंपियन को इस पूरे सत्र में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। टीम अपने पिछले तीन मैचों में जीत के करीब पहुंची लेकिन करीबी मैचों को अपने पक्ष में मोड़ने में नाकाम रही। इसमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में दिल तोड़ने वाली हार भी शामिल है। शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, रियान पराग और नितीश राणा ने अच्छी बल्लेबाजी की है लेकिन उनकी गेंदबाजी एक बड़ी निराशा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर रख रहे नजर

पहलगाम हमले के बाद लिया बड़ा फैसला: ब्रिक्स की अहम बैठक में शामिल नहीं होंगे विदेश मंत्री और एनएसए डोभाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ने के कारण विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं एनएसए अजीत डोभाल अगले हफ्ते होने वाली ब्रिक्स एनएसए और विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। इस बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस बैठक में अजीत डोभाल की जगह डिप्टी एनएसए पवन कपूर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रिक्स एनएसए बैठक में सीमा पार आतंकवाद के साथ-साथ दूसरे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पार आतंकवाद, आतंकियों को मिलने वाली फंडिंग और उनके नेटवर्क को खत्म करना इस बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल रहेगा।

पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए इस आतंकी हमले में ज्यादातर पर्यटकों सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने आतंकियों और उनके ठिकानों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा के नजरिए से ये फैसले लिए गए हैं।ब्राजील में होने वाली ब्रिक्स बैठक में 11 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जुलाई में होने वाले ब्रिक्स सम्मलेन के लिए एजेंडा तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना है। बैठकों में एआई, क्लाइमेट फाइनेंस, क्रॉस बॉर्डर पेमेंट्स इनीशियेटिव और मल्टीलेटरल संस्थानों में सुधार जैसे मामलों पर चर्चा की जाएगी।

ब्रिक्स की बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी

विदेश मंत्री और एनएसए क्यों नहीं जा रहे ब्राजील?

विदेश मंत्रियों की बैठक में यूक्रेन और पश्चिम एशिया जैसी अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। एनएसए और विदेश मंत्री ने इस बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला इसलिए किया है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं की वे निगरानी कर रहे हैं।

कैसे करते थे आतंकियों की मदद

माना जा रहा है कि इन्होंने पिछले कुछ सालों में दक्षिण कश्मीर में कई हमलों में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों की मदद की है। ये उन्हें जरूरी सामान मुहैया कराते थे। जंगलों में रास्ता दिखाते थे और यहां तक कि पाकिस्तान से हथियारों की खेप भी मंगवाते थे। जिनका इस्तेमाल आतंकी हमलों में किया जाता था। एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि ये लोग पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के मददगार थे और उन्होंने उनके लिए जरूरी सामान का इंतजाम किया था। इस हमले में 4-5 आतंकी शामिल थे। इनमें से कम से कम दो पाकिस्तानी और दो स्थानीय कश्मीरी थे। हम इन 15 हिरासत में लिए गए ओवरग्राउंड वर्कर्स से और जानकारी निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर 7 राज्यों में 28 गिरफ्तार

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 स्टूडेंट शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियां हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गई है। पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम असम की विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ से हैं।

बिलावल की निकली हेकड़ी, बोले- बातचीत से समाधान होगा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान के बाद भारत में एक बड़ा उबाल आ गया है। भुट्टो के बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है और इसकी कड़ी निंदा की है। अब भुट्टो अपने बयान को लेकर बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने दोनों देशों से विवादों के समाधान के लिए बातचीत का सहारा लेने का आग्रह किया है। एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान और भारत को आपस में बातचीत कर के समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ बातचीत करने की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने इसको अस्वीकार कर दिया। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीपीपी नेता ने सिंध प्रांत में एक रैली के दौरान कहा था कि सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून बहेगा।

दहशत

परमाणु हमले की दी धमकी

हमले के डर से पाकिस्तानी रेल मंत्री ने दी गीदड़भभकी

पाकिस्तान के रेल मंत्री मोहम्मद हनीफ अब्बासी ने खुलेआम भारत को परमाणु हमले की धमकी देकर तनाव बढ़ा दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्होंने चेतावनी दी है कि घोरी, शाहीन और गजनवी मिसाइलों के साथ-साथ 130 परमाणु हथियार को केवल भारत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइलें हमारे 130 परमाणु हथियार चौकों में सजाने के लिए नहीं है। वो भारत के लिए रखे गए हैं। अब्बासी की खुलेआम भारत पर परमाणु हमले की धमकी देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अब्बासी ने आगे चेतावनी दी है कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान को पानी की आपूर्ति बंद कर देता है तो उसे युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि इस्लामाबाद उकसाए जाने पर हमला करने के लिए तैयार है। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा, अगर वे हमें पानी की आपूर्ति बंद कर देते हैं, तो उन्हें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।

सर्चिंग में नक्सलियों की बड़ी गुफा मिली इसमें छिप सकते हैं एक हजार

एजेंसी ⏭ बीजापुर

जिले के उसूर थाना क्षेत्र के करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ पिछले पांच दिनों से चल रहे अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन कगार में शामिल जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंच गए है। जवान जिस गुफा में पहुंचे हैं। उसके अंदर एक बड़ा सा मैदान और पानी मिला है।

बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े ऑपरेशन में जवानों को सफलता मिली है। सर्चिंग के दौरान एक गुफा मिली है, जहां एक साथ एक हजार से ज्यादा लोग आराम से रह सकते हैं। पांच दिनों की मशक्कत और 45 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंचने में सफल हो गए हैं।

जवान जिस गुफा तक पहुंचे है। वहां का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में गुफा के अंदर जवान पहुंचे हुए है। काफी अंधेरा है। टार्च की रौशनी से जवान धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे है। कुछ जवान आपस मे बात करते हुए कहे रहे हैं कि यहां एक बड़ा सा मैदान है और अंदर पानी भी है। वीडियो में नक्सलियों के मौजूदगी के निशान दिखाई दे रहे हैं। इससे साफ समझा जा सकता है कि नक्सली यहां मौजूद थे और जवानों के पहुंचने से पहले नक्सलियों ने अपना ठिकाना बदल दिया।

गुफा के अंदर एक बड़ा सा मैदान और पानी भी मिला

गुफा में आराम करने लायक वातावरण

गुफा के भीतर जवानों का तलाशी अभियान चल रहा है। नक्सलियों की मौजूदगी नहीं मिली पर साफ हो गया कि यहां नक्सली सुरक्षित ठिकाना बनाकर रह रहे थे। भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान के बीच पांच दिनों के कड़ी मशक्कत के बाद आखिर जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंचने में कामयाब हो गए। हालांकि जवानों के वहां पहुंचने से पहले ही नक्सलियों ने अपना ठिकाना बदल दिया था। इस गुफा के अंदर पानी से लेकर आराम करने लायक वातावरण है। ऑक्सीजन की भी कमी नहीं है। गुफा के अंदर ही एक बहुत बड़ा मैदान भी मौजूद है।

हमें जानकारी नहीं; डीआईजी

इस मामले में दक्षिण बस्तर यानी दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने कहा कि हमें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इस मामले में हम कुछ नहीं कह सकते हैं। मौके पर नक्सल ऑपरेशन जारी है।

17 नवंबर 2024 को उसके पास एक लिंक आया, थाईलैंड का एक टिकट भी भेजा दिया

नौकरी के बहाने थाईलैंड बुलाया, बंधक बनाकर म्यांमार में कराई थी साइबर ठगी

एजेंसी ⏭ मुजफ्फरनगर

मंसूरपुर के जावेद के पास 17 नवंबर 2024 को टेलीग्राम से एक लिंक आया, जिसमें टाइपिंग का काम करने पर विदेश में डॉलरों में कमाई का झांसा दिया गया था। इसके बाद उसे बुलाकर जबरन साइबर ठगी के काम में लगा दिया गया। पहली बार एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें साइबर ठगों ने एक युवक को अपने जाल में फंसा कर विदेश में काम दिलाने के नाम पर बंधक बना लिया। साइबर ठगों ने पीड़ित युवक को म्यांमार में ठगी के धंधे में लगाया।

पीड़ित युवक को म्यांमार की सेना ने बंधन मुक्त कराया। इसके बाद पीड़ित अपने वतन वापस आ सका। सेना ने पीड़ित युवक सहित 600 युवकों को बंधन मुक्त कराया। मंसूरपुर थाना क्षेत्र निवासी जावेद को नौकरी की तलाश थी। 17 नवंबर 2024 को उसके पास एक लिंक आया, जिसमें विदेश में टाइपिंग का काम करने के लिए लिखा गया था। लिंक टेलीग्राम के माध्यम से मिला था। उसे बताया गया कि कर्मचारी के आने -जाने का खर्च भी कंपनी वहन करेगी। उसे अगले ही दिन थाईलैंड का एक टिकट भी भेज दिया गया। पीड़ित युवक 20 नवंबर को थाईलैंड चला गया। थाईलैंड पहुंचने पर उसे वहां मिले लोगों ने म्यांमार भेज दिया। वहां पर उसे टाइपिंग का काम नहीं दिया गया। बल्कि क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराने के धोखाधड़ी के काम में लगा दिया। युवक ने घर वापस भेजने के लिए कहा तो उसे बंधक बना लिया गया। घर भेजने के नाम पर उसे रुपये जमा कराने को कहा गया।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

ACTIVA
110CC & 125CC

3 YEAR FREE SERVICE MAINTENANCE PACKAGE
WORTH ₹5500/-*

CASHBACK OF 5%
UP TO ₹5000/-#

LOW ROI
@7.99%**

Activa Limited Period Special Price ₹77690/-^

Honda RoadSync App
Smart Coloured TFT with 3 Modes
Smart Key Technology

IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS^

Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. ^3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. ^For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. ^Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Delhi, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI: Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810263204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in